आज का विचार
इंसान एक दुकान है और जुबान उसका ताला है। ताला खुलता है तभी पता चलता है दुकान सोने की है या कोयले की है।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का





सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । मंगलवार, 28 नवंबर, 2023 | वर्ष 21, अंक 280, मूल्य: 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com

## हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को दी सौगात

# गुरु नानक देव जी ने किसी एक समाज विशेष के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज की भलाई का दिया संदेश: मनोहर लाल

## ऐतिहासिक श्री नाडा साहिब गुरूद्वारा पंचकूला परिसर में बहुमंजिला पार्किंग का किया उद्घाटन, मुख्यमंत्री ने श्री नाडा साहिब गुरुद्वारे में शीश नवाकर लिया आशीर्वाद, देश व प्रदेशवासियों के कुशलक्षेम की कामना की








**भूपेंद्र शर्मा**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को सौगात देते हुए श्री नाडा साहिब गुरुद्वारा पंचकूला में बहुमंजिला पार्किंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ऐतिहासिक श्री नाडा साहिब गुरुद्वारे में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और देश व प्रदेशवासियों के कुशलक्षेम की कामना की। उनके साथ हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता व हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव श्री रमनीक सिंह मान भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि देशभर में तीर्थ और धार्मिक स्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से प्रसाद योजना चलाई जा रही है। इसी योजना के तहत गुरुद्वारा नाडा साहिब में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन आज श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर किया गया है। इस पार्किंग का शिलान्यास स्वयं उन्होंने 27 अक्तूबर 2020 को किया था। लगभग 9500 वर्ग मीटर में बने इस पार्किंग के निर्माण पर 13 करोड़ 55 लाख 26 हजार रुपये की लागत आई है और इसमें 300 वाहन पार्क किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग के निर्माण से दूर दूर से आने वाले आगंतुकों और श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री मनोहर लाल ने कहा कि कपालमोचन तीर्थ में गुरु परंपरा के सभी लोग जुड़े हैं और लाखों लोग वहां स्नान करने आते हैं। कल सायं भी लगभग 5 लाख लोगों ने स्नान किया। इसी तरह गुरूद्वारा नाडा साहिब में भी बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्हें भी आज गुरु पर्व के अवसर पर नाडा साहिब गुरुद्वारा आने का अवसर प्राप्त हुआ है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने गुरु घर में माथा टेक कर देश व प्रदेश की जनता की कुशलक्षेम की कामना की है और इस अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गुरु नानक देव जी के जीवन के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री मनोहर लाल ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने गुरु भक्ति पर अधिक बल दिया। श्री गुरु नानक देव जी के एक दोहे नानक नाम चढदी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला का उल्लेख करते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने किसी एक समाज विशेष के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज की भलाई का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि भगवान में लग्न लगाने से बुराइयां अपने आप छूट जाती है। उन्होंने नशे के विरूद्ध भी कार्य किया। श्री मनोहर लाल ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है और हरियाणा सरकार द्वारा उनकी शिक्षाओं को उतनी ही तर्कसंगत पूर्ण प्रचारित प्रसारित करने का काम किया जा रहा है।

गरीब परिवारों की बेटियों के लिए कॉलेजों में निशुल्क शिक्षा की घोषणा के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स के डिग्री कॉलेजों में 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना आय वाली गरीब परिवारों की बेटियों को प्राइवेट कॉलेजों में भी निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। ऐसी बेटियों की फीस की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार करेगी। इसके अलावा 1 लाख 80 हजार रुपये से 3 लाख रुपये सालाना आय वाले परिवारों की बेटियों की 50 प्रतिशत फीस की प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल, उपायुक्त सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह, हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. नीरज कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खांगवाल, नगराधीश राजेश पूनिया, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## हरियाणा सरकार ने बकाया राशि की वसूली के लिए शुरू की हरियाणा एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम 2023

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चंडीगढ़। हरियाणा में बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने और मुकदमेबाजी कम करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम 2023 नामक एक अनूठी योजना को मंजूरी प्रदान की गई।



**यह योजना पूर्व-जीएसटी प्रणाली में आबकारी एवं कराधान विभाग के विभिन्न अधिनियमों द्वारा शासित बकाया राशि की वसूली की सुविधा के लिए बनाई गई**

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में घोषणा करते हुए कहा था कि बकाया वसूली के लिए विवादों का समाधान योजना के तहत इस प्रकार की एक योजना लाई जाएगी।

यह योजना पूर्व-जीएसटी प्रणाली में आबकारी एवं कराधान विभाग के विभिन्न अधिनियमों द्वारा शासित बकाया राशि की वसूली की सुविधा के लिए बनाई गई है। यह योजना अधिसूचना की तिथि से लागू होगी।

इस योजना के अंतर्गत आने वाले अधिनियमों में सात अधिनियमों नामतः हरियाणा मूल्य वर्धित कर अधिनियम 2003, केंद्रीय विक्रय कर अधिनियम 1956, हरियाणा स्थानीय क्षेत्र विकास कर अधिनियम 2000, हरियाणा स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम 2008, हरियाणा सुख साधन कर अधिनियम 2007, पंजाब मनोरंजन शुल्क अधिनियम 1955 और हरियाणा साधारण विक्रय कर अधिनियम 1973 से संबंधित बकाया शामिल हैं।

## प्रकाश पर्व सदैव हम सभी के जीवन में गुरु कृपा का प्रकाश पहुंचाता रहेगा: योगी आदित्यनाथ

**दर्पण न्यूज सर्विस**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आज यहां गुरुद्वारा साहिब आशियाना में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सदैव हम सभी के जीवन में गुरु कृपा का प्रकाश पहुंचाता रहेगा। सौभाग्य की बात है कि प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने शीश नवाने का अवसर प्राप्त हुआ। सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान देश और धर्म के लिए सदैव अनुकरणीय रहा है।



मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरु नानक देव जी का जन्म ननकाना साहिब में हुआ था, लेकिन पूरा भारत उनसे अनुप्रेरित रहा। भारत के बाहर भी उनका प्रकाश जिस रूप में फैला, यह प्रत्येक व्यक्ति जानता है। वह बचपन से ही दिव्य गुणों से ओत-प्रोत थे। उन्होंने सामान्य गृहस्थ के स्थान पर साधना, लोक कल्याण तथा साधु सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने भक्ति संचार का जो कार्यक्रम प्रारम्भ किया, वह सिख पंथ की स्थापना का माध्यम बना। उनका एक पक्ष भक्ति के माध्यम से साधना का है, दूसरा पक्ष लोक कल्याण के माध्यम से राष्ट्र कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है। भक्ति के माध्यम से व्यापक जन जागरण द्वारा राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने बाबर के अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने जाति-धर्म के बंधनों से मुक्त होकर और किसी भी प्रकार की संकीर्णता के बिना कार्य करने की प्रेरणा दी। श्री गुरु नानक देव जी महाराज का मानना था कि ईश्वर सर्वत्र व्याप्त है। उन्होंने एक ओंकार की बात की। श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने सिख परम्परा को जिस मजबूती के साथ आगे बढ़ाया, वह साधना से भक्ति की पराकाष्ठा को पार करते हुए तथा व्यापक जन जागरण के कार्यक्रम से जुड़ते हुए, आने वाले समय में देश को प्रेरणा प्रदान करेगी। गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज तथा उनके चार साहिबजादों के बलिदान के साथ-साथ हजारों सिखों का देश और धर्म के लिए बलिदान नई शक्ति प्रदान करता है।

कार्यक्रम को कृषि राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह ओलख ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, अध्यक्ष गुरुद्वारा साहिब प्रबंध कमेटी सरदार जसबीर सिंह चड्ढा, सदस्य उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग सरदार परविंदर सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, अपर निदेशक सूचना श्री अंशुमान राम त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सरकार ने पानीपत रिफाइनरी के विस्तार के लिए तीन गांवों की ग्राम पंचायतों को अपनी 350.5 एकड़ जमीन बेचने की दी मंजूरी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी के पहले चरण के लिए विस्तार के लिए तीन गांवों आसन कलां, बाल जाटान तथा खण्डरा की ग्राम पंचायतों को 350.5 एकड़ पंचायती जमीन को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन पानीपत रिफाइनरी व पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स पानीपत को बेचने की मंजूरी प्रदान की गई।



आईओसीएल, पानीपत रिफाइनरी आसन कलां गांव की 140 एकड़ 6 कनाल 12 मरला, बाल जाटान गांव की 152 एकड़ 2 कनाल 15 मरला व खण्डरा गांव की 57 एकड़ 2 कनाल 19 मरला भूमि को बाजार कीमत 2.20 करोड़ रुपये प्रति एकड़ की दर से खरीदेगी। इसके अलावा, आईओसीएल इन गांवों के विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों को 10 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से राशि का भी भुगतान करेगी।

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से होगा शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर, 2023 से शुरू होगा। यह निर्णय आज यहां मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद द्वारा सदन के विधायी कार्यों के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है।

### आज का कार्टून




## यूपी सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन हेतु सभी दलों के सहयोग का आश्वासन

**दर्पण न्यूज सर्विस**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने आज यहां विधान भवन में आहूत सर्वदलीय बैठक में विधान सभा के शीतकालीन सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन हेतु सभी दलों के सहयोग से सदन में सकारात्मक वातावरण बनेगा। आज सदन की जिस नियमावली का विमोचन किया गया है, यह नियमावली सभी की सहमति से बनी है। हम सभी इसका पालन करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा नेता सदन योगी आदित्यनाथ जी ने सत्र के सुचारु संचालन में सत्ता पक्ष के पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि सदन जनाकांक्षाओं को रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई समृद्ध चर्चाएं देश भर की विधानसभाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं।

सदन जितनी देर चलेगा, उतना ही लोकतांत्रिक मूल्यों की समृद्धि में सहायक होगा। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेते हुए सकारात्मक जवाब देगी तथा सुझावों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास करेगी।

संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। पक्ष और विपक्ष के सहयोग से ही सदन को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। प्रदेश सरकार संवेदनशील है। सदन के सदस्यों द्वारा कही गई बातों पर सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया है।

बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 का विमोचन किया गया। बैठक में समाजवादी पार्टी के श्री मनोज कुमार पाण्डेय, अपना दल (सोनेलाल) के श्री राम निवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के श्री राजपाल सिंह बालियान, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के श्री ओम प्रकाश राजभर, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के श्री संजय कुमार निषाद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की श्रीमती आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के श्री रघुराज प्रताप सिंह राजाभैया तथा बहुजन समाज पार्टी के श्री उमाशंकर सिंह ने सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन हेतु अपने-अपने दलों की ओर से पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।



# मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा पंजाब में 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम' की शुरूआत की गई

## हमारी सरकार श्री गुरु नानक देव जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए लोगों को अच्छा स्वास्थ्य एवं शिक्षा देने के लिए काम कर रही है







- श्री हजूर साहिब के लिए तकरीबन 1300 यात्रियों को ले जा रही पहली रेल गाड़ी को किया रवाना
- समाज के कमजोर वर्गों की सेवा के लिए हमारी सरकार गुरू नानक देव जी की शिक्षाओं पर चल रही है: केजरीवाल
- भगवंत मान आपका बेटा है और उन्होंने इस योजना के लिए खास कोशिशें कीं: अरविन्द केजरीवाल
- आगामी तीन महीनों में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु लेंगे योजना का लाभ: मुख्यमंत्री
- देश भर के धार्मिक स्थानों के मुफ्त में दर्शन करेंगे श्रद्धालु: सीएम
- पहले जत्थे में जा रहे एक हजार श्रद्धालुओं को छोडने आए
- औरतों और बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा योजना का सबसे अधिक फायदा मिलेगा

भुपेंद्र शर्मा

**धुरी (संगरूर)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की हाजिरी में देश भर के पवित्र स्थानों पर लोगों को लेकर जाने के लिए सोमवार को 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' की शुरूआत की। यहाँ श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' की शुरूआत के बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना गुरू साहिब की शिक्षाओं और फलसफे के मुताबिक है, जिन्होंने लोगों को आपसी-भाईचारे और अमन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों ने किसी न किसी कारण अब तक इन धार्मिक स्थानों के दर्शन नहीं किये। भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्रद्धालुओं को देश और राज्य भर के अलग-अलग धार्मिक स्थानों के दर्शन करवाने के लिए राज्य सरकार ने यह योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अमृतसर से 300 श्रद्धालु, जालंधर से 220 और धूरी से 500 से अधिक श्रद्धालु इस रेल गाड़ी के द्वारा श्री हजूर साहिब के दर्शनों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी तीन महीनों में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु यह सुविधा हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि इनमें से 13 हजार श्रद्धालु रेल गाड़ीयों के द्वारा जाएंगे और हरेक आठ दिनों के बाद चलने वाली इन 13 रेल गाड़ीयों में से हरेक गाड़ी में एक हजार यात्री जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाकी श्रद्धालु बसों के द्वारा सफर करेंगे और रोजाना की दस बसें चलेंगी, जिनमें से हरेक बस में 43 यात्री सवार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी इमरजैंसी से निपटने के लिए इन यात्रियों के साथ डॉक्टरों, वॉलंटियरों और अधिकारियों की एक टीम भी सफर करेगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के पहुँचने से पहले सभी प्रबंधों के लिए अधिकारियों की एक टीम पहले भेजी गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 75 साल से अधिक उम्र वालों को अपने साथ एक नौजवान को देखभाल के लिए लेकर जाने की इजाजत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना पहले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व अधीन दिल्ली सरकार ने शुरू की थी। उन्होंने कहा कि अब इस योजना को पंजाब में लागू किया गया है और नजदीकी धार्मिक स्थानों के लिए ए.सी. बसें और दूर-दूराज के स्थानों के लिए रेल गाड़ीयों की सुविधा दी गई है। श्रद्धालुओं की यात्रा के लिए उनको ए.सी. कमरे और खाने-पीने की वस्तुएँ भी मुहैया की जाएंगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन रेल गाड़ीयों के द्वारा श्रद्धालु श्री हजूर साहिब और श्री पटना साहिब, वारानसी, मथुरा, अजमेर शरीफ और अन्य स्थानों के दर्शन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बसों के द्वारा श्रद्धालु श्री अमृतसर साहिब, श्री आनन्दपुर साहिब और श्री दमदमा साहिब, श्री वैष्णो देवी, माता चिंतपुर्नी जी, माता नैना देवी जी, माता ज्वाला जी, सालासर धाम, खाटू श्याम जी और अन्य स्थानों के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब एक धर्म-निरपेक्ष राज्य है, जहाँ नफरत के अलावा अन्य हरेक तरह के बीज अंकुरित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सांप्रदायिक सद्भावना, आपसी-भाईचारे, प्यार और अमन की धरती है। भगवंत सिंह मान ने यह भी कहा कि एक और बेमिसाल पहल के अंतर्गत राज्य सरकार ने लोगों को अनाज की घर-घर सप्लाई की भी शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक राज्य के 37 हजार से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरियाँ दी हैं, वह भी पूरी तरह मैरिट के आधार पर। उन्होंने कहा कि राज्य में 58 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ है, जिससे प्राईवेट सैक्टर में 2.98 लाख से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकारी नौकरियाँ बिल्कुल पारदर्शी तरीके से और नौजवानों की काबिलीयत के आधार पर दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में 664 आम आदमी क्लीनिक कार्यशील हैं एवं 100 और क्लीनिक तैयार हैं, जो जल्द ही लोगों को समर्पित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब के अधिकतर घरों को मुफ्त बिजली मुहैया कर रही है। इसके साथ-साथ आम लोगों की भलाई के लिए आम लोगों चाहे वह कारोबारी हों, व्यापारी हों या खेत मजदूर या कोई और, उनकी भलाई के लिए कई फैसले लिए गए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य में स्कूल ऑफ ऐमिनेंस की स्थापना की गई है और पंजाब के स्कूलों में 'बिजनेस ब्लास्टर्ज' नाम की योजना सफलता से चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के शासन के सफल मॉडल को पंजाब में दोहराया जा रहा है और यह लोगों के हित में है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसका मंतव्य किसी विशेष परिवार के बजाए राज्य के लोगों की भलाई को सुनिश्चित बनाना है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग उनका परिवार हैं और उनकी सरकार का हर कदम राज्य और यहाँ के लोगों की भलाई को सुनिश्चित बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी पक्ष के पास उनकी सरकार के विरुद्ध उठाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है और वह अलग-अलग मुद्दों पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को इस गुमराह करने वाले प्रचार की ओर ध्यान न देकर रंगला पंजाब बनाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में सहयोग करना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली में लोग सबसे ऊपर होते हैं और राज्य को देश में अग्रणी बनाने के लिए आम लोगों का सहयोग जरूरी होता है। पिछ्ली सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नेताओं ने अपने सरकारी पदों का दुरुपयोग करके अथाह दौलत एकत्र की और अपने लिए बड़े-बड़े महलनुमा घर बनाए हैं। उन्होंने बताया कि इन महलनुमा घरों की दीवारें तो ऊँची हैं, परन्तु दरवाजे आम तौर पर लोगों के लिए हमेशा बंद ही रहते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन नेताओं ने हमेशा लोगों से दूरी बनाकर रखी, जिसके निष्कर्ष के तौर पर राज्य निवासियों ने उनको सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। गुबार्नी की तुक 'पवन गुरू पानी पिता माता धरत महत॥' का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महान गुरूओं ने हवा (पवन) को गुरू, पानी को पिता और जमीन (धरती) को माता का दर्जा दिया है। उन्होंने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि हम पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेते हुए राज्य की पुरातन शान की बहाली के लिए गुबार्नी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएँ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अपने संबोधन में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महान गुरूओं के दिखाए रास्ते पर चल कर दिल्ली और पंजाब के लोगों की सेवा कर रही है। अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि आज उन लोगों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण योजना शुरू की जा रही है जो साधनों की कमी या किसी अन्य वजह से पवित्र तीर्थों की यात्रा नहीं कर सकते। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अफसोस प्रकट किया कि पिछले 75 सालों में कभी भी किसी सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए यह योजना शुरू नहीं की। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व और संतुष्टी की बात है कि दिल्ली में अब तक 80,000 से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले चुके हैं। अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि इस योजना पर जो पैसा खर्च किया जा रहा है, पिछ्ली सरकारों द्वारा वही पैसा अपनी मौज-मस्ती पर खर्चा जाता था। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य हर क्षेत्र में क्रांति के नये युग की शुरूआत देख रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के मुफ्त इलाज के लिए आम आदमी क्लीनिक खोले गए हैं, राज्य के 20,000 स्कूलों की कायाकल्प की जा रही है और अब यह तीर्थ यात्रा योजना शुरू की गई है। अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि वह खुशकिस्मत हैं कि वह इस मुहिम का हिस्सा बनकर इस योजना की शुरूआत कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में इस योजना से जुड़े 80 फीसदी श्रद्धालु औरतें और बुजुर्ग नागरिक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह योजना पंजाब के बुजुर्ग नागरिकों और अन्यों को तीर्थ स्थानों के दर्शनों की सुविधा प्रदान करने में अहम साबित होगी। अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि सरकारी खजाने का एक-एक पैसा आम आदमी की भलाई पर खर्च किया जा रहा है।

## 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम'-भगवंत सिंह मान सरकार का एक और लोक हितैषी प्रयास

- पंजाब निवासियों को देश भर में अलग-अलग धार्मिक स्थानों के दर्शन करवाने के उद्देश्य से उठाया कदम

दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने लोक हितैषी प्रयासों को जारी रखते हुए आज 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम' की शुरूआत की, जिससे पंजाब निवासियों को अलग-अलग धार्मिक स्थानों की यात्रा करके नतमस्तक होने की सुविधा हासिल होगी। आज शुरू हुई यह स्कीम बडी उम्र और आर्थिक तंगी के कारण पंजाब और भारत के प्रमुख धार्मिक स्थानों के दर्शन करने से वंचित लोगों के लिए वरदान साबित होगी। पंजाब निवासियों के सपने साकार करने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस स्कीम का आगाज किया है। इस स्कीम के अंतर्गत पंजाब से जाने वाले नागरिकों को ए.सी. बसें या ए.सी. रेल गाड़ीयों के द्वारा राज्य या देश भर के अन्य धार्मिक स्थानों के दर्शन करवाने की व्यवस्था की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत दूर-दूराज के स्थानों के लिए रेल यात्रा, जबकि सडक रास्ते कम दूरी वाले स्थानों के लिए बसों की सुविधा मिलेगी।

रेल गाड़ी की यात्रा वाले स्थानों में श्री हजूर साहिब, श्री पटना साहिब, हिंदु तीर्थ स्थान वाराणसी, मथुरा, श्री वृन्दावन धाम और मुस्लिम धार्मिक स्थान श्री अजमेर शरीफ शामिल हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान अलग-अलग धार्मिक स्थानों के लिए 13 वातानुकूल रेल गाड़ीयाँ भेजी जाएंगी और हरेक रेल गाड़ी में 1000 यात्री होंगे। सफर के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भोजन, स्थानीय यात्रा, स्वागत किट और रहन-सहन की सुविधा बिल्कुल मुफ्त होगी। अलग-अलग धार्मिक स्थानों श्री अमृतसर साहिब, श्री आनन्दपुर साहिब, श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो, माता वैष्णु देवी, माता ज्वालाजी, माता चिंतपुर्नी जी, माता नैना देवी जी, श्री खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी धाम जी के दर्शन ए.सी. बसों के द्वारा करवाए जाएंगे। इन स्थानों की यात्रा के दौरान ए.सी. आवास और भोजन मुहैया करवाया जायेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए स्वागती किट दी जायेगी, जिसमें एक बैग, चादर, कंबल, तकिया, पेस्ट, तेल, साबुन, शैंपू, ब्रश, छाता, शीशा और अन्य सामान होगा। राज्य सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 40 करोड़ रुपए का बजट रखा है। जिक्रयोग्य है कि सभी पंजाब निवासी इस योजना की सुविधा हासिल करने के लिए योग्य हैं और यात्रियों का चयन सम्बन्धित डिप्टी कमिश्नर द्वारा किया जाएगा।

## विजीलैंस ब्यूरो ने 10,000 रिश्वत के रुपए की दूसरी किश्त लेता ए.एस.आई. रंगे हाथों पकड़ा

- दोषी पुलिस कर्मचारी ने पहले लिए थे 20,000 रुपए



दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी अथक लड़ाई के दौरान सोमवार को थाना सदर फाजिल्का के अधीन आती पुलिस चौकी लाधूका मंडी में तैनात एक सहायक सब इंस्पेक्टर (ए.एस.आई) बलदेव सिंह को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि मुलजिम एएसआई को प्रवीन कुमार निवासी मंडी लाधूका, जिला फाजिल्का द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से सम्पर्क कर बताया है कि उक्त दोषी पुलिस कर्मचारी झगड़े से सम्बन्धित पुलिस शिकायत में उसका नाम शामिल न करने के बदले और 10,000 रुपए की रिश्वत की माँग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो को बताया कि उक्त छोटा थानेदार पहले ही इस सम्बन्ध में 20,000 रुपए ले चुका है। अब उसने 10,000 रुपए की अतिरिक्त रिश्वत देने के लिए कहा है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में पुलिस अधिकारी द्वारा रिश्वत की माँग करते समय की गई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया है और इस मामले में सबूत के तौर पर विजीलैंस को सौंप दिया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद, फिरोजपुर रेंज से विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और एएसआई बलदेव सिंह को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया गया। उन्होंने बताया कि दोषी ए.एस.आई के खिलाफ विजीलैंस थाना फिरोजपुर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## नगर कीर्तन के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



दर्पण न्यूज सर्विस

**बटाला।** बटाला के गांव वडाला ग्रंथियां में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर सोमवार को आयोजित नगर कीर्तन के दौरान-ट्राली में करंट आने से युवक की मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। उक्त युवक नगर कीर्तन के दौरान ट्रैक्टर-ट्राली के साथ प्रसाद बांटने की सेवा कर रहा था। मृतक युवक की पहचान ब्रिकमजीत सिंह (21) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर नगर कीर्तन गांव वडाला ग्रंथियां की गालियों से गुजर रहा था। गलियों में बिजली के तार काफी नीचे हैं। कुछ युवक तारों को ऊपर उठाकर पालकी साहिब की ट्राली को निकाल रहे थे। इसी दौरान एक बिजली की तार ट्राली की संपर्क में आ गई। इस दौरान बिक्रमजीत सिंह करंट की चपेट में आ गया। वह नंगे पांव प्रसाद बांटने की सेवा कर रहा था। बिक्रमजीत को गंभीर हालत में अन्य सेवादारों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## फैक्टरी की तीसरी मंजिल से कूदकर युवती ने दी जान

**लुधियाना।** लुधियाना के गांधी नगर मार्केट स्थित एक फैक्टरी की तीसरी मंजिल से युवती ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे फैक्ट्ररी में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने युवती को खून से लथपथ हालत में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। मगर उसकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना थाना डिवीजन नंबर चार की पुलिस को दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। युवती की पहचान नेहा के रूप में हुई है। युवती ने आत्महत्या की है या कोई और कारण है। इस एंगल से भी पुलिस जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के मुताबिक करीब 15 दिन पहले ही नेहा ने फैक्टरी में नौकरी ज्वाइन की थी लेकिन सोमवार को अचानक नेहा ने फैक्टरी की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या क्यों की ? यह अभी राज है। परिजनों व फैक्टरी के कर्मियों से पूछताछ की जा रही है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ योजना पर गरमाई सियासत, शिअद बोली- बादल सरकार ने शुरू की थी



दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा सोमवार को राज्य में शुरू की गई तीर्थयात्रा योजना को एक प्रचार स्टंट करार देते हुए कहा है कि यह योजना पंजाब में करीब आठ साल पहले एक जनवरी, 2016 को बादल सरकार ने शुरू की थी। शिअद ने मुख्यमंत्री से कहा कि वह राज्य के खजाने को केजरीवाल का आधार बढ़ाने पर बर्बाद करना बंद करें। सोमवार को जारी एक प्रेस बयान में पार्टी के सीनियर नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की परिकल्पना 2015 में प्रकाश सिंह बादल की अगुवाई वाली सरकार ने की थी और इसे एक जनवरी 2016 को लागू किया गया था। यह योजना मार्च 2017 तक सफलतापूर्वक चल रही थी और कांग्रेस सरकार बनने के बाद इसे बिना किसी कारण के बंद कर दिया गया। अब भगवंत मान की अगुवाई वाली आप सरकार अपनी विफलता से लोगों का ध्यान हटाने के लिए इस योजना को फिर से शुरू कर पंजाबियों को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रही है। यह आप का प्रचार स्टंट है। चीमा ने तीर्थयात्रा योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित किए गए 52000 लोगों के बारे में हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि इस सरकार ने 2024 की शुरूआत में लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस योजना को केवल तीन महीनों के लिए शुरू किया है, जबकि बादल सरकार के समय यह योजना चलाई गई थी और डेढ़ साल से अधिक समय तक इसे चलाया गया था।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम' शुरू करने के लिए लोगों द्वारा पंजाब सरकार की सराहना



दर्पण न्यूज सर्विस

**धूरी (संगरूर)।** हर वर्ग के लोगों ने आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा देश भर के पवित्र स्थानों पर दर्शन करने की सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू करने की सराहना की। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम' शुरू करने के लिए सराहना करते हुए बहुत से लोगों खास कर बुजुर्गों ने धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कैसे यह पहल उनको तीर्थ यात्रा पर जाने के योग्य बनाएगी, जो पहले वित्तीय तौर पर मुश्किल था। संगरूर के गाँव पंडोरी के निवासी कुलदीप कौर ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब सरकार का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि वह हमेशा सरकार के इस प्रयास के लिए ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह आने वाले समय में भी यदि उनको अवसर मिला तो धार्मिक स्थानों के दर्शन करने के लिए जरूर जाएंगे। गाँव पंडोरी के निवासी जसवीर कौर ने बताया कि वह पहली बार श्री हजूर साहिब के दर्शन करके भाग्यवान बनेंगे। उन्होंने कहा कि उनके गाँव और परिवार में बहुत खुशी का माहौल है और इसलिए हम सभी धन्यवाद करते हैं। गाँव घन्नौर से आए जसवीर कौर ने बताया कि उनके परिवार और गाँव-वासियों में बहुत उत्साह है और इस अवसर पर उनके साथ बहुत से लोग यहाँ पहुंच कर इस बात का पता लगाने आए थे कि सचमुच भगवंत मान सरकार द्वारा यह प्रयास शुरू किया गया है। संगरूर शहर निवासी मनजीत कौर ने मान सरकार द्वारा सेवा के रूप में गुरूपर्व के पवित्र दिवस पर इस योजना को शुरू करने के लिए धन्यवाद किया। मनजीत कौर ने कहा कि पवित्र गुरूधामों के दर्शन करवाने के लिए इस अहम और पवित्र कार्य को आरंभ करने के लिए वह धन्यवाद करते हैं। संगरूर शहर के श्रद्धालु रणजीत सिंह जो अपने पारिवारिक सदस्यों समेत इस धार्मिक यात्रा के लिए पहुँचे थे, ने कहा कि यह एक प्रगतिशील प्रयास है, जिसका बिना किसी भेदभाव के साथ हर वर्ग के लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सरकार की कल्यानकारी योजनाओं में से एक इस योजना को भरपूर स्वीकृति मिलेगी। गाँव भसौड़ के नौजवान नरिन्दर सिंह ने बताया कि इस यात्रा के स्वरूप नौजवान पीढ़ी को गुरू की बाणी और नाम सिमरन से जुडने का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज समारोह में उनको इस यात्रा की अन्य विशेषताओं के बारे में जानकारी मिली है और यकीनी रूप से उनका यह सफर यादगारी होगा। गाँव उभिया कीं निवासी बीबी अमरजीत कौर ने रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाली बस में सवार होने से पहले पंजाब सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह बहुत खुश हैं कि उम्र के इस पड़ाव में उनको यह गौरव हासिल हुआ है। गाँव कहेरू के बुजुर्ग बलबीर सिंह ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा बुजुर्गों के प्रति दिखाया गया सम्मान और प्यार की भावना के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जो बुजुर्ग किसी कारण से धार्मिक स्थानों के दर्शन करने से वंचित रह जाते थे, उनकी यह आकांक्षा अब सरकार द्वारा पूरी की गई है।

## मोगा के युवक की फिलीपींस में हत्या



**मोगा।** मोगा जिले के बाघापुराना के गांव रोडे के रहने वाले 26 वर्षीय जसप्रीत सिंह की फिलीपींस की राजधानी मनीला में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार जसप्रीत सिंह पांच साल पहले रोजी-रोटी कमाने मनीला गया था। रविवार की सुबह जब वह बाइक से अपने काम पर जा रहा था तो रास्ते में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जसप्रीत सिंह के दो भाई और एक बहन हैं। वह सभी गांव रोडे में अपने ननिहाल में रहते हैं। जसप्रीत सिंह के पिता की मृत्यु हो चुकी है। परिवार का कहना है कि दिसंबर में जसप्रीत को घर आना था।

## जेल में कैदियों की अप्राकृतिक मृत्यु पर हाईकोर्ट गंभीर, पंजाब व हरियाणा से स्टेटस रिपोर्ट तलब की




दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** जेलों में कैदियों की अप्राकृतिक मृत्यु, वहां बदतर स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य बदहालियों पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने अब पंजाब और हरियाणा सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 16 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में कैदियों की बदहाल स्थिति के मामले में दायर एक याचिका का निपटारा करते हुए देश के सभी हाईकोर्ट को इस मामले में संज्ञान लेने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि सभी हाईकोर्ट उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली जेलों में सुधार के लिए सुनवाई करें। कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा था कि जेलों में कई कैदियों की अप्राकृतिक मृत्यु के मामले सामने आ रहे हैं। जेलों में हालात ऐसे हैं कि कई कैदी इससे परेशान होकर आत्महत्या तक कर रहे हैं, लिहाजा इनके परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उन्होंने महसूस किया है कि जेलों में कैदियों को निम्न स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जबकि स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक का अधिकार है। जेलों का माहौल सुधारने की जरूरत है। सिर्फ जेल का नाम बदल कर इसे सुधार गृह कर देने से कुछ भी नहीं बदलेगा, बल्कि जेलों में सुधार भी नजर आना जरूरी है। शिमला और दिल्ली में ओपन जेल का कॉन्सेप्ट काफी हद तक सफल रहा है, लिहाजा इस दिशा में काम किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। अब हाईकोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार को इस बारे में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है।

## संधवां द्वारा बलवंत सिंह खेड़ा के देहांत पर गहरा दुख जताया

**चंडीगढ़।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने स. बलवंत सिंह खेड़ा के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। आज यहाँ से जारी बयान में विधान सभा स्पीकर ने कहा कि स. बलवंत सिंह खेड़ा प्रसिद्ध समाजवादी नेता, शिक्षा शास्त्री और अध्यापक संघर्षों के अगली पंक्ति के नेता थे।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# हरियाणा में कैंसर रोग की थर्ड एवं फोर्थ स्टेज के मरीजों को मिलेगी वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के समान 3000 रुपये की वित्तीय सहायता

## कैबिनेट ने दी मंजूरी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अम्बाला में की थी योजना लागू करने की घोषणा

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने कैंसर रोग की थर्ड एवं फोर्थ स्टेज के मरीजों को वित्तीय सहायता देने के लिए एक अहम निर्णय लिया है। इसके तहत पात्र रोगियों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की तर्ज पर मासिक भत्ता दिया जाएगा। इस योजना के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता आवेदक द्वारा किसी भी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्राप्त किए जा रहे लाभ के अतिरिक्त होगी।




मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह योजना आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी। इस योजना के तहत पात्र कैंसर रोगियों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की तर्ज पर 1 जनवरी, 2024 से 3000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

ऐसे कैंसर के मरीज, जिनकी पारिवारिक सालाना आय अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की राशि को छोड़कर 3 लाख रुपये से कम है, वे पात्र होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कैंसर की थर्ड एवं फोर्थ स्टेज के मरीजों के सामने आने वाले वित्तीय बोझ को कम करना है। उन्होंने बताया कि यह योजना हरियाणा राज्य में सभी आयु वर्ग के चरण-3 व 4 कैंसर रोगियों के लिए लागू होगी। इसके तहत कैंसर के गंभीर रोगियों की आवश्यकता, जीवन-यापन के खर्चों, बुनियादी जरूरतों, चिकित्सा व्यय, अप्रत्यक्ष लागत, ओओपीई आदि के लिए मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने या भी बताया कि इस योजना के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता आवेदक द्वारा किसी भी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्राप्त किए जा रहे लाभ के अतिरिक्त होगी। योजना के तहत रोगी की पात्रता में बोनफाइएड-रेजिडेंस की शर्तें मान्य होंगी। इसके अलावा ,आवेदक के पास परिवार पहचान पत्र होना चाहिए।

**मुख्यमंत्री की घोषणा हुई पूरी**

ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 9 मई 2022 को अटल कैंसर सेंटर अम्बाला कैंट के उद्घाटन के दौरान कैंसर के तीसरे एवं चौथे चरण के रोगियों के लिए पेंशन की घोषणा की थी। आज की कैबिनेट की बैठक में इस योजना के मंजूरी मिलने से यह घोषणा पूरी हो गई है। कैंसर एक बहुक्रियात्मक बीमारी है जो भारत में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है जो कि रोगियों के परिवारों और पूरे समाज को प्रभावित करता है। भारत में प्रतिवर्ष 13.24 लाख नए कैंसर के मामले और लगभग 8.51 लाख कैंसर से संबंधित मौतें दर्ज की जाती हैं। हरियाणा में वर्ष 2020 में अनुमानित 29,000 नए कैंसर के मामले और 16,000 कैंसर से मौतें हुई है। यदि समय पर पता चल जाए तो कई कैंसरों का इलाज संभव है। कैंसर के तीसरे एवं चौथे चरण में करीब 64 प्रतिशत मरीज गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। ऐसे में हरियाणा सरकार द्वारा आज कैबिनेट की बैठक में जिस योजना को मंजूरी दी गई है उससे कैंसर रोग की थर्ड एवं फोर्थ स्टेज के मरीजों को वित्तीय सहायता मिलने से काफी राहत मिलेगी।

### हरियाणा मंत्रिमंडल ने संचार और कनेक्टिविटी अवसंरचना नीति में संशोधन को दी मंजूरी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहाँ मंत्रिमंडल की बैठक में पूरे राज्य में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली प्रौद्योगिकी और संचार बुनियादी ढांचे की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से कम्युनिकेशन एन्ड कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पॉलिसी -2023 में संशोधन को मंजूरी दी है। यह नई पॉलिसी कम्युनिकेशन एंड कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पॉलिसी - 2017 की जगह लेगी और 2022 में केंद्रीय संचार मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) द्वारा अधिसूचित संशोधित भारतीय टेलीग्राफ राइट ऑफ वे नियमों के साथ संरेखित होगी। कैबिनेट का यह निर्णय दूरसंचार क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति के एकीकरण को प्रोत्साहित करता है, जिसमें फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) और ओपन एक्सेस नेटवर्क (ओएएन) जैसे अभिनव व्यवसाय मॉडल शामिल हैं, जो नेटवर्क तक भौतिक पहुंच को सेवा वितरण से अलग करता है। यह संशोधित नीति सड़कों के किनारे नलिकाओं के माध्यम से 5जी सक्षम बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक रूपरेखा स्थापित करती है, जिससे कई सेवा प्रदाताओं को राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) उपलब्धता को अनुकूलित करने और कई बुनियादी ढांचे प्रदाताओं द्वारा आरओडब्ल्यू में खुदाई के कारण होने वाले बार-बार होने वाले व्यवधानों को रोकने के लिए एक ही बुनियादी ढांचे को साझा करने की अनुमति मिलती है। नए स्वीकृत कार्यक्रम के तहत, यदि नोडल अधिकारी आवेदन जमा करने की तारीख से 45 दिनों के भीतर अनुमति देने या आवेदन को अस्वीकार करने में विफल रहता है, तो अनुमति दी गई मानी जाएगी। संबंधित जिले के उपायुक्त सभी मंजूरियों के लिए एकमात्र संपर्क व्यक्ति होंगे। भारत सरकार के दूरसंचार विभाग से पंजीकृत या लाइसेंस प्राप्त कोई भी दूरसंचार बुनियादी ढांचा और सेवा प्रदाता या संचार और कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे को बिछाने के लिए लाइसेंस धारी द्वारा विधिवत अधिकृत बुनियादी ढांचा प्रदाता इस नीति के तहत राज्य में कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं संचार स्थापित करने, बिछाने या प्रदान करने के लिए अनुमति लेने के लिए पात्र है।

# श्री गुरु नानक देव जी का जीवन और शिक्षाएं समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन कर रही हैं: देवेन्द्र बबली

## विकास एवं पंचायत मंत्री ने प्रदेश वासियों को गुरु नानक प्रकाश पर्व की बधाई दी

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेन्द्र सिंह बबली ने प्रदेश वासियों को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि गुरुओं के वचन जनकल्याण के लिए हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गुरु के पद चिन्हों पर चलकर समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करें। विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र सिंह बबली ने सोमवार को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर टोहाना में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए मत्था टेका और साध-संगत के साथ बैठक कर लंगर ग्रहण किया।



कैबिनेट मंत्री ने गुरु नानक संगत सभा गुरुद्वारा तूर नगर टोहाना, बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा रामनगर टोहाना, हरि ज्ञान मंदिर गुरुद्वारा नया बाजार टोहाना, गुरु घर बुवान एवं गुरु घर गांव जमालपुर सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की।

विकास एवं पंचायत मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक आयोजन का होना समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और मनुष्य बुराइयों से ऊपर उठकर समाज कल्याण के लिए कार्य करता है। हम सबको गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सिख समाज हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में आगे बढ़-चढ़ कर भाग लेता आया है। प्रशासन द्वारा चलाए गए विभिन्न अभियानों में भी सिख समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक और सिखों के पहले गुरु थे। उनका जीवन और शिक्षाएं न केवल धर्म विशेष के लिए बल्कि पूरी मानव जाति को सही दिशा दिखाती है। इसलिए उनके जन्म दिवस को प्रकाश पर्व के नाम से जाना जाता है। श्री बबली ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन 1469 ई. में हुआ था। श्री गुरु नानक देव जी ने एक निराकार ईश्वर की उपासना का संदेश दिया था। उन्होंने तात्कालिक समाज की बुराइयों और कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान किया जाता है। इस शुभ अवसर पर हर व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए।

# जानबूझकर युवाओं को बेरोजगार रख रही है सरकार : ढांडा

दर्पण न्यूज सर्विस

रोहतक। हरियाणा आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कोर्ट में अटकी भर्तियों और बेरोजगारी को लेकर गठबंधन सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में उएळ लागू होने के बाद से अब तक एक भी भर्ती नहीं हुई .उएळ सरकार की एक और विफल नीति साबित हुई है। लाखों बेरोजगार आवेदकों के करोड़ो रुपए सरकार ने फीस के रूप जमा किए। जोकि छात्रों के लिए आर्थिक नुकसान के साथ साथ साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। सरकार की लापरवाही और आयोग की खामी के कारण ये भर्ती भी कोर्ट में अटकी है। एचएसएससी और एचपीएससी आयोग की लापरवाही के भर्तियां से संबंधित करीब चार हजार केस कोर्ट में चल रहे हैं। इसलिए एचएसएससी को पहले कोर्ट से क्लियर हो चुके पदों पर तुरंत प्रभाव से भर्ती करनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि जिस आयोग के भरोसे प्रदेश युवाओं को रोजगार देने का जिम्मा है खट्टर सरकार में खुद उस आयोग को अपने लिए कर्मचारियों की दरकार है। लेकिन इस को लेकर ना खट्टर सरकार सीरियस है और ना ही आयोग के चैयरमेन है। उन्होंने कहा कि 2016 में आईटीआई इंस्ट्रक्टर की जॉब निकाली गई, उनको रद्द कर दिया. 2018 में फिर भर्ती निकाली गई और रद्द कर दिया. 2019 में भर्ती निकाली रिटर्न एग्जाम हुआ और तीन साल की प्रक्रिया के बाद जुलाई 2022 में फाइनल रिजल्ट आया. उनमें से 800 को ज्वाइन करवा लिया, जबकि 2400 आज भी ज्वाइनिंग के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं. खट्टर सरकार की मंशा इनके साथ धोखा करने की है।

उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर ने 4 नवंबर को रेडियोग्राफर के पदों पर एक हफ्ते में भर्ती हुए युवाओं को ज्वाइनिंग कराने की बात कही थी। लेकिन 20 दिनों से ज्यादा का समय बीत चुका है। अभी तक कोई ज्वाइनिंग नहीं कराई। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन जब इनके बच्चों को एचसीएस में भर्ती करने का समय आता है, तो सीएम खट्टर का एचपीएससी यानी हेराफेरी सर्विस कमीशन आयोग उन बच्चों को उन पदों के लिए चयनित नहीं होने देता और दुर्भावना के साथ पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है। सीएम खट्टर को बार बार पेपर लीक कराने वाले एचपीएससी आयोग को तुरंत भंग करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लगातार भर्ती घोटालों को अंजाम देकर और बेरोजगारी बढ़ाकर बीजेपी-जेजेपी हरियाणा के युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। बाकायदा कोर्ट में बार-बार सरकार के भर्ती घोटालों और नीतियों की पोल खुल रही है। वेटनरी सर्जन भर्ती और 75 प्रतिशत आरक्षण का रद्द होना इसका ताजा उदाहरण है। 383 पदों वाली वेटरनरी सर्जन भर्ती रद्द होने से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि इस सरकार में भर्ती के नाम पर सिर्फ घोटाले हो रहे हैं। दिसंबर 2022 में निकली इस भर्ती को रद्द करने में सरकार ने पूरा एक साल लगा दिया। जबकि यह वहीं भर्ती थी जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़झाले हुए। बावजूद इसके अब तक पूरे मामले में किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में एचएसएससी और एचपीएससी के सदस्यों और चेयरमैन की कोई जांच नहीं हुई। जबकि आम आदमी पार्टी ने लगातार मांग उठाई कि दोनों संस्थाओं को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया।

# प्रदेश के 395 पीजीटी संस्कृत अध्यापकों की हुई पदोन्नति

चंडीगढ़। हरियाणा में पिछले कई वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे 395 पीजीटी संस्कृत अध्यापकों के पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए गए है। यह संस्कृत अध्यापकं वर्ष 2007 से पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे। सरकार के इस फैंसले के बाद हरियाणा राज्य संस्कृत अध्यापक संघ के राज्य प्रधान राम प्रसाद कौशिक के नेतृत्व में पूरे प्रदेश से आये संघ के पदाधिकारियों और संस्कृत अध्यापकों ने स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल के आवास पर पहुंच कर उनका आभार व्यक्त किया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल ने कहा कि इनकी लंबे समय से यह मांग थी। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है, जिसमें हमारे वेद, उपनिषद व अन्य धार्मिक ग्रंथों का ज्ञान निहित है। राज्य सरकार का सदैव यह प्रयास रहेगा कि यह ज्ञान लोगों तक पहुंचे। संस्कृत भाषा पर शिक्षा शास्त्री व आचार्य जैसी शैक्षणिक योग्यता रखने वालों की पकड़ अन्य लोगों की तुलना में अधिक होती है जिसको सरकार ने माना है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा को और अधिक बढ़ावा मिलना चाहिए, जिसके लिए सरकार प्रयासरत है। संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है, पूरी दुनिया ने इस बात को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की भाषा बनेगी।

# दिल्ली ट्रेड फेयर में हरियाणा पवेलियन में दिखा परंपरा, ग्रामीण परिवेश और आधुनिक तकनीक का संगम : दत्तात्रेय

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में हरियाणा पवेलियन में प्रदेश की संस्कृति के साथ औद्योगिक उन्नति और विकास की मनोरम तस्वीर प्रस्तुत की गई है। श्री दत्तात्रेय रविवार देर सायं हरियाणा पवेलियन का अवलोकन करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस पवेलियन में लगाए गए सभी स्टॉल्स को रूचि लेकर देखा और स्टॉल संचालकों से बात भी की। राज्यपाल के आगमन पर वनचारी की नृत्य पार्टी ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। राज्यपाल को हरियाणा की शान मानी जाने वाली पगड़ी भी पहनाई गई। इस बार व्यापार मेला में बनाए गए हरियाणा पवेलियन में लगभग 50 स्टॉल लगाए गए और मंडप को ऐसे ढंग से आकार दिया गया था जिससे आगंतुकों को प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के साथ प्रदेश की उन्नति और व्यापारिक गतिविधियों के दर्शन हों।

मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा पवेलियन को बहुत ही अद्भुत तरीके से प्रदर्शित किया गया है। इसमें परंपरा, ग्रामीण परिवेश के साथ - साथ आधुनिक तकनीक का संगम हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सूचना प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रोनिक्स, ऑटो मोबाइल इत्यादि उद्योगों में आगे बढ़ रहा है और हरियाणा राज्य आज उत्तर भारत का औद्योगिक सेंटर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य का गुरूग्राम नगर में औद्योगिक और आईटी के क्षेत्र में उभर कर सामने आया है और आज हमारा एक्सपोर्ट लगभग 1.20 लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के पानीपत, सोनीपत, हिसार और फरीदाबाद में ग्रामीण उद्योग को काफी बढ़ावा मिल रहा है और किसान, व्यवसायी राज्य के विकास में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अगुवाई में चलाई जा रही वर्तमान हरियाणा सरकार की प्रशंसा



करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सरकार आईटी के क्षेत्र को आगे बढ़ा रही और इसी कड़ी में ई-गर्वनेंस के माध्यम से विभिन्न योजनाओं व नीतियों को क्रियान्वित कर आम लोगों को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ई-गर्वनेंस के क्रियान्वयन से पारदर्शिता आई है और लोगों को जल्द व सुलभ तरीके से योजनाओं का लाभ मिल रहा है, इससे भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगी है।

श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज विकास की दृष्टि से राज्य में स्वच्छ व भयमुक्त वातावरण है और छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों को भी आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं और राज्य के सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। हरियाणा संस्कृति, खेल, तकनीक, उद्योग अर्थात सभी क्षेत्रों को आगे बढ़ाया जा रहा है और राज्य विकास के मार्ग पर अग्रसर है। इस मौके पर ट्रेड फेयर अथॉरिटी हरियाणा की मुख्य प्रशासक डॉ. जी. अनुपमा, महाप्रबंधक श्री अनिल चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे को अच्छी शिक्षा का अधिकार: अरविंद केजरीवाल

- सीएम के छात्राओं के लिए फ्री शिक्षा पर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान
- सबके लिए फ्री और अच्छी शिक्षा का प्रावधान करें सीएम खट्टर: अरविंद केजरीवाल
- सीएम मनोहर लाल का बेटियों को मुफ्त शिक्षा का बयान केवल चुनावी ढकोसला: डॉ. सुशील गुप्ता
- आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डरे सीएम खट्टर: डॉ. सुशील गुप्ता
- फ्री शिक्षा सबका अधिकार, इसे दायरे में नहीं बांधना चाहिए: अनुराग ढांडा
- प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को 25 और भाजपा को 9 साल दिए, लेकिन इन्होंने बच्चों की शिक्षा को कभी जरूरी नहीं समझा: अनुराग ढांडा

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री खट्टर के एक लाख 80 हजार तक वार्षिक आय वाले परिवार की बेटियों को मुफ्त शिक्षा देने वाले बयान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिक्षा तो सबकी फ्री होनी चाहिए, पूरी फ्री होनी चाहिए और अच्छी होनी चाहिए। इस देश में पैदा होने लगे हर बच्चे को अच्छी और मुफ्त शिक्षा का अधिकार है।



प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डर गए हैं। दिल्ली में हुई शिक्षा क्रांति को देखते हुए हरियाणा के लोग भी दिल्ली जैसे स्कूलों और फ्री शिक्षा की माँग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री खट्टर चुनावों नौ साल में हरियाणा में शिक्षा के लिए कुछ भी नहीं कर सके, इसलिए आनन फानन में शिक्षा पर चुनावी घोषणा कर रहे हैं। आज जब चुनाव में हार दिख रही है तो इनको शिक्षा याद आ रही है। उन्होंने कहा कि ये सीएम खट्टर का चुनावी ढकोसला है। पिछले 9 साल से खट्टर सीएम की कुर्सी पर बैठे हैं। तब इन्होंने शिक्षा व्यवस्था को लेकर कोई कदम क्यों नहीं उठाए। सीएम खट्टर फ्री शिक्षा की बात कर रहे हैं, जबकि हरियाणा में सरकारी में मूलभूत सुविधाओं का भी टोटा है और सरकारी स्कूलों की हालत खस्ता है। उसकी तरफ सीएम खट्टर ध्यान क्यों नहीं देते। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों को मूल-भूत सुविधाएं न मिलने पर शिक्षा विभाग पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने स्कूलों की कितनी दुर्दशा कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 131 सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है। 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन ही नहीं है। 538 स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं है और 1047 स्कूलों में लड़कों के शौचालय नहीं है। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए 8240 क्लासरूम की जरूरत है और 30,000 से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। वहीं सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कहा कि सीएम द्वारा वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार तक के परिवारों की बेटियों की फ्री शिक्षा को लेकर की गई घोषणा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि फ्री शिक्षा सबका अधिकार है, इसे दायरे में नहीं बांधना चाहिए।शिक्षा तो सबकी फ्री होनी चाहिए, पूरी फ्री होनी चाहिए और अच्छी होनी चाहिए। इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे का अच्छी शिक्षा का अधिकार है। आम आदमी पार्टी की सरकार में सबको मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के बच्चे कैसे आगे बढें? उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को 25 और भाजपा को 9 साल दिए। इन दोनों पार्टियों ने बच्चों की शिक्षा को कभी जरूरी नहीं समझा। इन्होंने बच्चों के भविष्य को केवल अंधकार में धकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार एक तरफ तो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और खुले में शौच मुक्त भारत जैसे नारे दे रही है, वहीं दूसरी तरफ स्कूलों में शौचालय व पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। इन सुविधाओं के लिए स्कूली बच्चों को मजबूरन हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कोर्ट के सामने सिर्फ आंकड़ों का खेल खेल रही है। धरातल पर कोई काम नहीं कर रही। एक तरफ भाजपा सरकार "स्वच्छ भारत मिशन" का नारा देते हुए हर घर में शौचालय उपलब्ध करवाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ स्कूलों में यह हाल है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार हरियाणा की जनता को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ हर क्षेत्र में सुविधाएं देने में विफल साबित हुई है।

### विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों की फीस माफ करने के फैसले का स्वागत किया

चंडीगढ़। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेन्द्र सिंह बबली ने प्रदेश के निजी और सरकारी कॉलेजो में पढ़ने वाली लड़कियों की फीस माफ करने की घोषणा का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि यह फैसला 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के संकल्प को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार किए हैं जिसकी बदौलत आज विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा का वातावरण मिला है।

**कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह फैसला 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के संकल्प को साकार करने वाला है**

विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली जनकल्याणकारी सरकार ने जनता के हित में अनेक निर्णय लिए हैं, जिनका लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा मिल सके इसके लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय के तहत समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को विकास के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है। गरीब परिवारों के उत्थान के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की है, जिससे इन परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

संपादकीय

# जरूरी ठोस कदम



जिन अधिकारियों को सजा सुनाई गई, वे कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। मगर पिछले साल कतर की पुलिस ने इन अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया था। हैरानी है कि शुरूआती दिनों में कतर ने इस मामले को गुप्त रखा। कतर की एक अदालत में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को जिस तरह मौत की सजा सुनाई गई थी, वह पहले ही सवालों के घेरे में थी। इसलिए भारत की ओर से इस पर कोई ठोस पहलकदमी या कूटनीतिक कदम उठाए जाने की उम्मीद की जा रही थी। इसी क्रम में भारत ने कतर की अदालत के फैसले के खिलाफ औपचारिक रूप से अपील की थी। इस संबंध में आई खबर के मुताबिक, अब कतर की अदालत ने भारत की इस याचिका को स्वीकार कर लिया है और इसका अध्ययन कर जल्दी ही सुनवाई शुरू की जाएगी।

इस तरह न केवल मौजूदा कानूनी दायरे के बरक्स विकल्पों पर विचार हो सकेगा, बल्कि मानवीय लिहाज से भी इस फैसले का आकलन किया जाएगा। वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के बीच जैसे संबंध होते हैं, उसके मद्देनजर भी कानूनी कसौटियों पर विचार और जरूरत के मुताबिक उसकी उचित व्याख्या की जरूरत महसूस की जाती है। यह भी देखे जाने की जरूरत होती है कि क्या ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कोई भूमिका बनती है। यों भी, अपने नागरिकों पर किसी अन्य देश में कानूनी कार्रवाई पर अपना रुख तय करना किसी भी देश का अधिकार है। यह आरोपों की गंभीरता और प्रकृति पर निर्भर करता है कि कोई देश ऐसे मामले में क्या प्रतिक्रिया देता है। कतर में जिन आठ भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई गई है, उन पर लगे आरोपों के बारे में कोई साफ तस्वीर नहीं है। फिर अगर वहां की कानूनी व्यवस्था ने अपनी कसौटियां लागू की भी, तो यह देखने की जरूरत है कि क्या मौत की सजा के अलावा अन्य कोई विकल्प मौजूद नहीं है।

गौरतलब है कि जिन अधिकारियों को सजा सुनाई गई, वे कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। मगर पिछले साल कतर की पुलिस ने इन अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया था। हैरानी है कि शुरूआती दिनों में कतर ने इस मामले को गुप्त रखा। हालांकि इससे संबंधित खबरों में यह बताया गया कि पकड़े गए अधिकारी इजराइल के लिए कतर की पनडुब्बी परियोजना की जासूसी कर रहे थे। मगर इस मसले पर जिस स्तर की गोपनीयता बनाए रखी गई और पारदर्शिता का खयाल नहीं रखा गया, उससे उसके औचित्य को लेकर सवाल उठे। भारत के लिए यह अपने नागरिकों के प्रति मानवीय दायित्व का मामला भी है, इसलिए इसकी ओर से इस सजा पर फिर से विचार करने की अपील करना स्वाभाविक है। अब कानूनी कार्रवाई और सजा को लेकर कतर की अदालत ने अगर भारत की अपील पर विचार करना मंजूर किया है, तो यह मानवीय तकाजों के लिहाज से एक जरूरी कदम होने के साथ-साथ भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से भी सकारात्मक कदम है। हालांकि भारत और कतर के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

ऐसे मामलों में आरोपों के समांतर अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक समीकरण के भी अपने तकाजे होते हैं। अगर कतर की अदालत में इस मसले पर पुनर्विचार किया गया और अधिकारियों को मौत की सजा को लेकर नरमी दिखाई गई, तो उसका अपना महत्त्व होगा। अन्यथा इसके बाद भारत के पास अंतरराष्ट्रीय अदालत में अपना पक्ष रखने का विकल्प बचा हुआ है। मगर यह इस पर निर्भर करेगा कि फैसले के मुताबिक सजा के अंजाम तक पहुंचने के बीच कितना वक्त मिल पाता है।

## आज का राशिफल



**मेषः** कार्यक्षेत्र में लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। बच्चों की ज़िद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाये रखें। आज आप थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।



**वृषभः** कमीशन सम्बन्धित कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। आज आप मनोरञ्जन को काफी महत्व देने वाले हैं। स्पोर्ट्स में करियर बनाने वाले विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है।



**मिथुनः** भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। लम्बी दूरी की यात्रा करना शुभ नहीं है। अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।



**कर्कः** आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। बॉस आपके प्रमोशन को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं। व्यावसायिक परिस्थितियां आपको धन लाभ कराने वाली हैं। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा।



**सिंहः** सम्पत्ति के माध्यम से आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। अपनी कार्य कुशलता का परिचय देंगे। रियल एस्टेट सम्बन्धित प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का समाधान होगा। उच्च पद प्राप्ति के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपनी वक्तव्य शैली से जनता को प्रभावित करेंगे।



**कन्याः** जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आज आप काफी अनुशासन में रहेंगे। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के ऑफर मिल सकते हैं। व्यवसाय को लेकर आप उधार ले सकते हैं।



**तुलाः** आय के स्त्रोतों में कमी आ सकती है। बवासीर के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिये। आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। आज आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। व्यर्थ बहसबाजी से बचें। आज कुछ कार्यों में अवरोध आ सकते हैं।



**वृश्चिकः** अवसरों का लाभ अवश्य उठायें। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके सम्पर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात सम्बन्धित कारोबार में तेजी आयेगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को करियर सम्बन्धित अच्छे अवसर मिल सकते हैं।



**धनुः** बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लम्बित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता का भरपूर उपयोग करेंगे। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।



**मकरः** धैर्य की कमी के कारण अनावश्यक बातों पर अपना मूड खराब कर सकते हैं। परिश्रम का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। बच्चे आज्ञा का पालन करेंगे। इच्छानुसार काम होने के बावजूद असन्तुष्ट रहेंगे। आज आपकी आशाओं के अनुसार परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।



**कुंभः** बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। हित शत्रु आपको नुकसान पहुँचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिये। बौद्धिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। महिलाओं को रक्ताल्पता के कारण कमजोरी महसूस हो सकती है।



**मीनः** आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। आपके लिये दिन विशेष रूप से शुभ है। अपने सिद्धान्तों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें।

# मंगलवार के दिन इन चमत्कारी मंत्रों का जाप सभी संकटों से दिलाएगा निजात

**ज्योतिष कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत करने के लिए मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। हनुमान जी की पूजा-उपासना करने से कुंडली में व्याप्त अशुभ ग्रहों का प्रभाव समाप्त हो जाता है। शनि की बाधा से भी मुक्ति मिलती है। अत साधक श्रद्धा भाव से मंगलवार के दिन मंदिर जाकर या घर पर ही अपने आराध्य हनुमान जी की पूजा करते हैं। सनातन धर्म में मंगलवार के दिन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कार्यों में सिद्धि या सफलता पाने हेतु मंगलवार का उपवास रखा जाता है। हनुमान जी को संकट मोचन कहा जाता है। उनकी पूजा-उपासना करने से व्यक्ति के जीवन में व्याप्त दुख, संकट, भय और क्रोध दूर हो जाते हैं। साथ ही कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत होता है। ज्योतिष कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत करने के लिए मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। हनुमान जी की पूजा-उपासना करने से कुंडली में व्याप्त अशुभ ग्रहों का प्रभाव समाप्त हो जाता है। शनि की बाधा से भी मुक्ति मिलती है। अतः साधक श्रद्धा भाव से मंगलवार के दिन मंदिर जाकर या घर पर ही अपने आराध्य हनुमान जी की पूजा करते हैं। अगर आप भी राम भक्त हनुमान जी की कृपा-दृष्टि पाना चाहते हैं, तो मंगलवार के दिन पूजा के समय इन मंत्रों का जाप अवश्य करें। इन मंत्रों के जाप से न केवल समस्त प्रकार के दुख और संताप दूर होते हैं, बल्कि सकल मनोरथ भी सिद्ध हो जाते हैं।**

## हनुमान जी के मंत्र



1. मनोजवं मारुततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम।
   वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥
2. ओम नमो हनुमते रूद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय
   सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा।
3. अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं, दनुजवनकृशानुं
   ज्ञानिनामग्रगण्यम॥
   सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं, रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं
   नमामि ॥
4. आदिदेव नमस्तुभ्यं सप्तसप्ते दिवाकर!
   त्वं रवे तारय स्वास्मानस्मात्संसार सागरात!!
5. ॐ पूर्वकपिमुखाय पच्चमुख हनुमते टं टं टं टं टं
   सकल शत्रु सहंरणाय स्वाहा।
6. ॐ नमो हनुमते रुद्रावताराय पच्चवदनाय
   पूर्वमुखे सकलशत्रुसंहारकाय रामदूताय स्वाहा।
7. ॐ नमो हनुमते रुद्रावताराय विश्वरूपाय
   अमितविक्रमाय
   प्रकट-पराक्रमाय महाबलाय
   सूर्यकोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।
8. ॐ नमो हनुमते रुद्रावताराय रामसेवकाय
   रामभक्तितत्पराय
   रामहृदयाय लक्ष्मणशक्ति भेदनिवावरणाय
   लक्ष्मणरक्षकाय दुष्टनिबर्हणाय
   रामदूताय स्वाहा।
9. ॐ नमो हनुमते रुद्रावताराय
   आध्यात्मिकाधिदैवीकाधिभौतिक
   तापत्रय निवारणाय रामदूताय स्वाहा।
10. ॐ आपदामप हर्तारम दातारं सर्व
    सम्पदाम,
    लोकाभिरामं श्री रामं भूयो भूयो नामाम्यहम
    !
    श्री रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे
    रघुनाथाय नाथाय सीताया पतये नमः !

# इन आदतों के कारण कभी नहीं मिलता सम्मान, हमेशा होना पड़ता है शर्मिंदा

महान दार्शनिक, सलाहकार और राजनीतिज्ञ आचार्य चाणक्य ने एक नीति शास्त्र की रचना की है, जिसमें उन्होंने मनुष्य के जीवन से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया है। चाणक्य नीति में ऐसी कई बातें बताई गई हैं, जिनका पालन करके आप किसी भी समस्या से बाहर आ सकते हैं। आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति का आत्मसम्मान ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। व्यक्ति को अपने सम्मान को किसी भी पद प्रतिष्ठा से बढ़कर मानना चाहिए। साथ ही यदि आप सम्मान पाना चाहते हैं, तो सबसे पहले दूसरों को भी सम्मान देना होगा। जो व्यक्ति अपनी पद, प्रतिष्ठा का घमंड किए बिना जो दूसरों को सम्मान देता है, उसे समाज में खूब सम्मान प्राप्त होता है। हालांकि व्यक्ति के अंदर कुछ ऐसी भी आदतें होती हैं, जिसकी वजह से उसे समाज में हमेशा शर्मिंदा होना पड़ता है।

### झूठ

इंसान को कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए। चाणक्य कहते हैं कि यदि आप किसी से झूठ बोलकर कोई लाभ लेते हैं तो एक दिन आपका झूठ जरूर पकड़ा जाएगा और आप अपना मान-सम्मान खो बैठेंगे। इसलिए भूलकर भी झूठ का सहारा लेकर किसी कार्य को नहीं करना चाहिए।

### किसी की बुराई न करें

कुछ लोगों की आदत होती है बात-बात पर बुराई करना। हमेशा किसी न किसी की बुराई करते हो रहते हैं। ऐसे लोगों से किसी की खुशियां या तरक्की नहीं देखी जाती है, इसलिए उनकी बुराई करके अपने मन को शांत करते हैं। उनकी इसी आदत की वजह से समाज भी कभी उन्हें सम्मान की नजर से नहीं देखता।

### लालच

चाणक्य नीति के अनुसार व्यक्ति को हमेशा मेहनत से धन कमाना चाहिए। कुछ लोग लालच के चक्कर में आकर अक्सर छल कपट से धन कमाते हैं। ऐसा धन किसी काम का नहीं होता है और न ही ये लंबे समय तक नहीं रुकता है।

### हमेशा रहें विनम्र

चाणक्य नीति के अनुसार व्यक्ति का स्वभाव हमेशा विनम्र होना चाहिए। जो व्यक्ति विनम्र रहता है, उसे समाज में भी खूब मान-सम्मान मिलता है। साथ ही जिस व्यक्ति के स्वभाव में विनम्रता होती है वह सफलता हासिल करने में सक्षम होता है।

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक

युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है। जब आपके पास एक बड़ा लक्ष्य होता है जिस पर आप काम कर रहे होते हैं तब मन घटनाओं में नहीं फंसता है और आप प्रसन्न रहते हैं।

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए।

दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है।

युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है। जब आपके पास एक बड़ा लक्ष्य होता है, जिस पर आप काम कर रहे होते हैं, तब मन घटनाओं में नहीं फंसता है और आप प्रसन्न रहते हैं। आप जितना अधिक प्रतिबद्ध होते हैं, तब आपको कोई काम करने के लिए अधिक क्षमता प्राप्त होती है। जितना आप कर सकते हैं, उससे थोड़ा अधिक करना ही प्रतिबद्धता है।

# भगवान श्रीकृष्ण और भागवत दोनों एक दूसरे हैं पर्याय?

भगवत इदं भागवतम्‌ यानी जो भगवान का है वह भागवत है अथवा भगवतो योऽस्ति सो भागवतः कथ्यते अर्थात जो भगवान का है उसे भागवत कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और भागवत दोनों ही एक दूसरे के पर्याय हैं। भगवतोऽयं भागवतः कथ्यते अर्थात जो भगवान हो गया उसे भागवत कहते हैं। भागवत को केवल सद्ग्रंथ न मानकर उसे भगवत्स्वरूप ही समझना चाहिए। भागवत शब्द का मूल भावार्थ है-जो भगवान का है और जिसके भगवान हैं अर्थात भगवद्भक्त। जहां केवल भगवत्संबंधी परिचर्चा हो। जो भगवान का प्रेमी होगा, उसके आचार-विचार और व्यवहार में सहज ही ज्ञान, वैराग्य और भक्ति की त्रिवेणी प्रवाहित होती रहती है। वह सहज ही निष्काम भाव से मानवीय मानबिंदुओं का संपोषण, संरक्षण और संवर्धन करने वाला होगा। 'भगवत इदं भागवतम्‌ यानी जो भगवान का है, वह भागवत है अथवा 'भगवतो योऽस्ति सो भागवतः कथ्यते' अर्थात जो भगवान का है, उसे भागवत कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और भागवत दोनों ही एक दूसरे के पर्याय हैं। 'भगवतोऽयं भागवतः कथ्यते' अर्थात जो भगवान हो गया, उसे भागवत कहते हैं। भागवत को केवल सद्ग्रंथ न मानकर उसे भगवत्स्वरूप ही समझना चाहिए।

श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान का ही स्वरूप है। जब भगवान इस धराधाम से जाने लगे, तो उद्धव जी ने कहा- प्रभु मत जाइए, धर्म की गति-मति विकृत हो जाएगी। निर्गुण उपासना बहुत कठिन है। आप तो बस यहीं रहिए, तब भगवान ने श्रीउद्धव जी से कहा, अब मैं कहीं नहीं जाऊंगा। यहीं रहूंगा, ऐसा कहते हुए भगवान श्रीमद्भागवत महापुराण में प्रविष्ट हो गए :'तेने इयं वाङ्मयी मूर्तिः प्रत्यक्षा वर्तते हरिः'। इसलिए भागवत महापुराण को भगवान का साक्षात स्वरूप माना गया है।

अनंतकोटिब्रह्मांडनायक परात्पर परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीहरि की जीव पर जब महान कृपा होती है, तभी उसे भगवन्नाम, लीला, धाम और उनके विमल चरित्र को सुनने का सुयोग बनता है। जैसा कि श्रीमद्भागवत के माहात्म्य समुद्धृत हैः जन्मांतरे भवेत्पुण्यं तदा भागवतं लभेत'। जब जीव के कल्पकल्पांतर, युगयुगांतर और जन्मजन्मांतर का पुण्योदय होता है, तभी उसको श्रीमद्भागवत के श्रवण का साधन सुलभ होता है।

संसार में वे सभी जीव भाग्यशाली हैं जिन्हें जिस-किसी भी माध्यम से भगवान की दिव्यकथा सुनने का अवसर मिलता है। जिस प्रकार नदियों में भगवती मां गंगा परम पवित्र हैं और देवताओं में भगवान अच्युत श्रीहरि सर्वश्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार पुराणों में श्रीमद्भागवत महापुराण परम पवित्र और श्रेष्ठ है :

निम्नागानां यथा गंगा देवानामच्युतो यथा।

यहां एक जिज्ञासा समुत्पन्न होती है कि इस सद्ग्रंथ का नाम श्रीमद्भागवत क्यों रखा गया? क्योंकि इसमें भगवान के समस्त अवतारों, उनकी मधुर लीलाओं और उनके भक्तों के सुंदर चरित्र का वर्णन गागर में सागर की भांति शोभायमान है। इस त्रैलोक्य पावन सद्ग्रंथ में जितनी मधुरता, सरसता तथा सुगमता के साथ भगवान की कथा का विश्लेषण किया गया है, वैसा अन्यत्र नहीं मिलता है। अन्यादि पुराणों में जैसे विष्णुपुराण में भगवान श्रीविष्णु की कथा मुख्यरूप से वर्णित है। इसी प्रकार शिवपुराण, मत्स्यपुराण, वाराहपुराण और पद्मपुराणादि में तदर्थ नाम के अनुरूप ही भगवत्कथा और उनकी लीला का गुणगान है, लेकिन श्रीमद्भागवत में भगवान के समस्त अवतारों की कथा वर्णित है। कहा जाता है कि सृष्टि के उषा काल से जो-जो परमहंसकोटि के संत-महापुरुष, राजा एवं भगवद्भक्त हुए हैं तथा आगे भी जितने होंगे, उनकी भी कथा श्रीमद्भागवत में वर्णित है। कृष्णद्वैपायन महर्षि वेदव्यास जी ने स्वयं ही श्रीमद्भागवत के संदर्भ में कहा है, जो श्रीमद्भागवत में नहीं है, वह अन्यादि ग्रंथों में भी अप्राप्य है। किस प्रकार से सृष्टि समुत्पन्न होती है? कैसे इसका पालन होता है? किस प्रकार यह पुनः विलुप्त हो जाती है, इन सभी आध्यात्मिक तथ्यों का विषद और सुगम वर्णन श्रीमद्भागवत में सुलभ है। सबसे पहले किसी भी ग्रंथ के माहात्म्य के संदर्भ में विचार-विमर्श किया जाता है। श्रीमद्भागवत के माहात्म्य का वर्णन स्कंधपुराण, पद्मपुराण, वायुपुराण और संहिताओं में भी मिलता है। बिना किसी की महिमा सुने या अनुभव किए उसके प्रति हृदय में अनुराग नहीं होता है।

# भाजपा ने सीवेज शोधन संयंत्र परियोजनाओं में घोटाले का आरोप लगाया, केजरीवाल का इस्तीफा मांगा

## अनुमानित 1,500 करोड़ लागत की परियोजनाओं के ठेके 1,938 करोड़ की बढ़ी हुई दर से देने का आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली जल बोर्ड द्वारा संचालित सीवेज शोधन संयंत्रों के उन्नयन के लिए निविदा प्रक्रिया में घोटाले का सोमवार को आरोप लगाया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तत्काल इस्तीफे की मांग की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि दिल्ली जल बोर्ड ने शहर में पांच सीवेज शोधन संयंत्रों (एसटीपी) के उन्नयन और पांच अन्य के उन्नयन व क्षमता वृद्धि के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। भाटिया ने दावा किया कि परियोजनाओं की अनुमानित लागत करीब 1,500 करोड़ रुपये थी लेकिन ठेकेदारों को 1,938 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई दर से ठेके दिए गए। उन्होंने कहा, 'बोलियां आमंत्रित की गई थीं और



'कार्टेलाइजेशन' के बाद ही निविदाएं दी गईं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी ईमानदार ठेकेदार को परियोजना न मिले। यह चिंताजनक है, अरविंद केजरीवाल आपने एक और घोटाला किया है।' भाजपा प्रवक्ता ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल के तंत्र को देखिए। एल1 (सबसे कम) बोली 392 करोड़ रुपये की थी लेकिन ठेका 408 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई लागत पर दिया गया। प्रथम दृष्टया यह ठेका देने में 450-500 करोड़ रुपये का घोटाला है।' उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कोई भ्रष्टाचार के पर्याय हैं और लूट में माहिर हैं तो वह सिर्फ और सिर्फ 'कट्टर बेईमान' अरविंद केजरीवाल हैं। उन्होंने कहा, '... अगर थोड़ी सी भी शर्म बची है तो अरविंद केजरीवाल को तुरंत दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और कानून को अपना काम करने देना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'यह 2012-13 में आपकी ही राजनीति थी कि अगर किसी पर कोई आरोप लगता है तो उसे निर्दोष साबित होने तक तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।' इस मुद्दे को उठाते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और उपराज्यपाल वी के सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली जल बोर्ड द्वारा संचालित सीवेज शोधन संयंत्रों के उन्नयन के लिए निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की है। सचदेवा ने आरोप लगाया, 'सलाहकार द्वारा एकल उद्धरण के आधार पर अनुमानित लागत तैयार किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित लागत बाजार दर से अधिक थी। इस प्रक्रिया के दौरान मदों व कार्यों (मुख्य रूप से सिविल कार्यों) की दरें उच्च पक्षों के हिसाब से तैयार की गईं और उसके बाद 1,938 करोड़ रुपये में काम दिए गए, जो 1,508 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 28 प्रतिशत अधिक है।' भाटिया ने केजरीवाल को जांच होने देने की चुनौती देते हुए कहा कि डीजेबी के ठेके के देने में 'भ्रष्टाचार' साबित हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'आपको लगता है कि आप भ्रष्टाचार करते रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि केजरीवाल जी आप भ्रम में मत रहिए... मैं आपसे कहता हूं कि आप कानून से ऊपर नहीं हैं। कानून अपना काम करेगा। वह दिन दूर नहीं जब आप भी अपने सभी भ्रष्टाचार और पापों के लिए सजा का सामना करेंगे। अरविंद केजरीवाल भी किसी अन्य भ्रष्ट व्यक्ति की तरह सलाखों के पीछे होंगे।' भाजपा के इन आरोपों पर आम आदमी पार्टी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

■ **भाजपा के इन आरोपों पर आम आदमी पार्टी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है**

# बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की जरूरतः मुर्मू

एजेंसी

**पारादीप (ओडिशा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि देश में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने तथा उनकी दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। मुर्मू ने यहां पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा आयोजित 'बोइता बंदना' (नाव पूजा) समारोह में यह बात कही। 'बोइता बंदना' ओडिशा में मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है, जो राज्य की प्राचीन समुद्री गौरव गाथा की याद दिलाता है, जिसे पहले 'कलिंग' के नाम से जाना जाता था। मुर्मू ने कहा कि सरकार का सागरमाला कार्यक्रम बंदरगाह गतिविधियों को मजबूत करने के लिए एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 'समृद्धि के लिए बंदरगाह' और 'प्रगति के लिए बंदरगाह' के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्री व्यापार देश के व्यापार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया है कि भारत के कुल व्यापार का मात्रा के हिसाब से 95 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 65 प्रतिशत व्यापार समुद्री परिवहन के माध्यम से होता है।' उन्होंने कहा कि भारत के बंदरगाहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप अधिक दक्षता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मुर्मू ने कहा, 'इसीलिए भारतीय बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने और उनकी दक्षता बढ़ाने की आवश्यकता है।' राष्ट्रपति ने कहा कि ऐतिहासिक बालीयात्रा जावा, सुमात्रा और बाली द्वीपों के लिए व्यापारियों की एक प्रतीकात्मक नाव यात्रा है। बालीयात्रा ओडिशा के गौरवशाली अतीत की याद में मनाया जाने वाला एक अनोखा उत्सव है। मुर्मू ने कहा, 'प्राचीन काल से मनाया जाने वाला यह उत्सव ओडिशा के समुद्री व्यापार की समृद्धि का प्रतीक है। यह ओडिशा के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को भी उजागर करता है।' उन्होंने कहा कि समुद्र भारत



के व्यापार, वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने का एक प्रमुख साधन रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्र पर आधारित साहित्य ने भी भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है। मुर्मू ने कहा कि ओडिशा और अन्य तटीय राज्यों में नौसैनिक वाणिज्य की एक लंबी और समृद्ध परंपरा है। राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापार और वाणिज्य के अलावा, उन व्यापारियों ने विदेशों में भारतीय कला और संस्कृति को फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पारादीप बंदरगाह की कार्गो प्रबंधन क्षमता पिछले दशक में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी तट पर सबसे बड़ा बंदरगाह बनने की ओर अग्रसर है और इसे 'ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट-2023' में 'पोर्ट ऑफ ऑपरेशनल एक्सीलेंस अवार्ड' भी मिला है। मुर्मू ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का भी उद्घाटन किया, जिससे उम्मीद है कि यह व्यापार के पारदर्शी विकास को एक नयी दिशा देगा।

# कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगाः गहलोत

एजेंसी



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को फिर विश्वास जताया कि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद अब तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने प्रचार अभियान में भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया और 'धर्म कार्ड' चलाने की कोशिश की लेकिन लोगों ने उन्हें खारिज कर दिया। राजस्थान की 200 में से 199 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'उनके केंद्रीय नेताओं की भाषा तो दंगे भड़काने वाली थी लेकिन जनता ने उनकी परवाह नहीं की। जनता उनके भड़काने में नहीं आई।' उन्होंने कहा, 'उनका धार्मिक कार्ड चला नहीं... जो उन्होंने चलाने का प्रयास किया जोर शोर से। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने क्या भाषा इस्तेमाल की? ऐसी भाषा को उचित नहीं कह सकते हैं क्योंकि लोगों को भड़काने वाली बातों से चुनाव में तनाव पैदा होता है।' गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी' लहर नहीं है। उन्होंने कहा, 'जमकर वोटिंग हुई है ... मैं समझता हूं कि अंडरकरंट की तरह माहौल बना है राजस्थान में। जो खबरें आ रही हैं.... बाकी तो तीन तारीख को ही मालूम पड़ेगा कि क्या होता है।'

# उत्तराखंड के सिलक्यारा सुरंग में 31 मीटर तक लंबवत ड्रिलिंग हुई

एजेंसी

**उत्तरकाशी।** निमार्णाधीन सिलक्यारा–बड़कोट सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए सुरंग के ऊपर से की जा रही लंबवत ड्रिलिंग 31 मीटर तक पहुंच चुकी है । क्षैतिज ड्रिलिंग कर रही ऑगर मशीन के टूटने के बाद वैकल्पिक रास्ता तैयार करने के लिए रविवार को सुरंग के ऊपर से लंबवत ड्रिलिंग शुरू की गयी थी । सिलक्यारा में बचाव कार्यों की देखरेख कर रहे सीमा सड़क संगठन के पूर्व महानिदेशक हरपाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि अब तक 31 मीटर लंबवत ड्रिलिंग की जा चुकी है । इसके तहत 1.2 मीटर व्यास के पाइपों को लंबवत तरीके से सुरंग के शीर्ष से नीचे की ओर डाला जाएगा । अधिकारियों ने रविवार को बताया था कि सुरंग में फंसे श्रमिकों तक पहुंचने के लिए कुल 86 मीटर लंबवत ड्रिलिंग की जाएगी और इसमें चार दिन का समय



लगेगा । सिंह ने बताया कि ड्रिलिंग के दौरान मलबे में फंस गए, अमेरिकी ऑगर मशीन के शेष बचे हिस्से भी सोमवार को तड़के बाहर निकाल लिए गए जिसके बाद श्रमिकों के लिए पहले से बनाए जा रहे रास्ते को पूरा करने के लिए अब 'मैन्युल ड्रिलिंग' शुरू की जाएगी । उन्होंने बताया कि इसके लिए तैयारियां चल रही हैं । शुक्रवार को दोपहर में जब 25 टन वजनी ऑगर मशीन टूटी, उस समय तक बचावकर्मी मलबे के अंदर 47 मीटर तक भेद चुके थे और श्रमिकों तक पहुंचने के लिए केवल 10–12 मीटर ड्रिल करना ही शेष रह गया था । इस संबंध में सिंह ने कहा, '800 मीटर व्यास के पाइपों के फ्रेम तैयार कर लिए गए हैं । हम आधा मीटर से लेकर एक मीटर की दूरी लेते हुए धीरे–धीरे आगे बढ़ेंगे । अगर सब कुछ ठीक रहा और कोई अड़चन नहीं आई तो मलबे का 10 मीटर का हिस्सा 24–36 घंटों में ड्रिल किया जा सकता है ।' सुरंग के सिलक्यारा छोर से 25 टन वजनी अमेरिकी ऑगर मशीन के जरिए चल रही क्षैतिज ड्रिलिंग में ताजा अवरोध शुक्रवार शाम को आया जब उसके ब्लेड मलबे में फंस गए । बचाव कार्यों के लिए उत्तराखंड की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल ने रविवार शाम सात बजे तक की स्थिति बताते हुए कहा था कि मलबे में ऑगर मशीन का केवल 8.15 मीटर हिस्सा ही निकाला जाना शेष रह गया है । सोमवार तड़के तक मशीन के सभी हिस्से मलबे से बाहर निकाल लिए गए ।

# युवक की विवाद में लाठियों से पीटकर हत्या, तीन गिरफ्तार

**महाराजगंज (उप्र)।** महाराजगंज जिले के घुघुली थाना क्षेत्र में बाइक सवार एक युवक की एक व्यक्ति की साइकिल से टक्कर होने के बाद हुए विवाद में लाठियों से पीट-पीट कर कथित तौर पर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आतिश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की रात घुघुली थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव का निवासी सलमान (28) मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी बल्लो गांव के पास साइकिल सवार विश्राम से उसकी टक्कर हो गयी। दोनों के बीच विवाद हो गया और विश्राम ने अपने दो बेटों को बुलाकर लाठी-डंडों से सलमान की पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गयी। एएसपी ने बताया कि घटना में शामिल विश्राम और उसके दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आईपीएस अधिकारी बनकर बैंककर्मी से 35.25 लाख ठगने के दो आंरोपी गिरफ्तार

एजेंसी



**मुंबई।** खुद को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अधिकारी बताते हुए एक राष्ट्रीयकृत बैंक के कर्मी और उसके मित्र को मनपसंद जगह परनियुक्ति दिलाने का वादा कर उनसे 35.25 लाख रुपये की रकम ऐंठने के आरोप में मुंबई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा के संपत्ति प्रकोष्ठ ने रविवार को आरोपियों गणेश शिवाजी चव्हाण (33) और मनोज कुपिंदर पवार (43) को क्रमशः चेंबूर उपनगर और नवी मुंबई में वाशी से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता एक मित्र के जरिए आरोपियों से मिला था। दोनों आरोपियों ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताया था और दावा किया था कि केंद्र सरकार के विभागों में उनकी पहुंच है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने बैंक में मनपसंद जगह नियुक्ति दिलाने के नाम पर शिकायतकर्ता और उसके मित्र से एक करोड़ रुपये की मांग की और पिछले चार साल में नकद एवं बैंक हस्तांतरण के जरिए उनसे 35.25 लाख रुपये लिए। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने उन्हें एक नकली नियुक्ति पत्र भी दिया था और दावा किया था कि यह नियुक्ति पत्र केंद्रीय वित्त मंत्री ने जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जब शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगने शुरू किए तो दोनों ने उन्हें धमकी दी। पुलिस को संदेह है कि आरोपियों ने संभवतः इसी तरह से अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की हो और वे उनके बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

# कम प्रतिनिधित्व वाले लोगों की न्याय संबंधी जरूरतों को पूरा करना आवश्यकः सीजेआई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय तक पहुंच केवल जन-समर्थक न्यायशास्त्र तैयार करके हासिल नहीं की जा सकती, बल्कि बुनियादी ढांचे में सुधार और कानूनी सहायता सेवाओं को बढ़ाने जैसे अदालत के प्रशासनिक पक्ष में भी सक्रिय प्रगति की आवश्यकता है। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा यहां 'कानूनी सहायता तक पहुंच' विषय पर आयोजित पहले क्षेत्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीशों के लिए चुनौती व्यक्तिगत मामले के तथ्यों में न्याय करना नहीं है, बल्कि प्रक्रियाओं को संस्थागत बनाने और चीजों को तात्कलिकता से परे देखने की है। उन्होंने कहा, 'न्याय तक पहुंच कोई ऐसा अधिकार नहीं है जिसे केवल हमारे फैसलों में जन-समर्थक न्यायशास्त्र तैयार करके



हासिल किया जा सकता है, बल्कि इसके लिए अदालत के प्रशासनिक पक्ष में भी सक्रिय प्रगति की आवश्यकता है।' प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा कि मानवाधिकारों और न्याय तक पहुंच के बारे में चर्चा पर ऐतिहासिक रूप से वैश्विक उत्तर (औद्योगिक देशों) की आवाजों का एकाधिकार रहा है, जो इस तरह के संवादों को अनुपयुक्त बनाता है। उन्होंने कहा, 'हमारे देश में कम प्रतिनिधित्व वाली आबादी की न्याय संबंधी जरूरतों को पूरा करना आवश्यक है।' न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय की अवधारणा को ऐतिहासिक रूप से केवल एक संप्रभु देश की सीमा के भीतर ही लागू माना गया है। सीजेआई ने कहा, 'वर्तमान युग में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के जटिल जाल को देखते हुए, न्याय की हमारी अवधारणाएं भी बदल गई हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में, सभी देशों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता। हालांकि, कुछ राष्ट्र एकजुटता और अपनेपन की भावना साझा करते हैं। यहीं पर श्रेणियों का निर्माण हुआ है जैसे कि वैश्विक दक्षिण सहयोग, संवाद और विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण बिंदु बन गया है।' उन्होंने कहा, 'कानून और प्रक्रिया की जटिलताएं, आम लोगों और शक्तिशाली विरोधियों के बीच असमानता, न्यायिक देरी और यह विश्वास कि प्रणाली हाशिए पर रहने वाले समुदायों के खिलाफ काम करती है, न्याय के रास्ते में आने वाली विभिन्न बाधाओं में से हैं।'

# उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में एक व्यक्ति की मौत, 21 घायल




एजेंसी

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 सुरक्षाकर्मियों सहित 21 लोग घायल हो गए।

प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हाफिज गुल बहादुर संगठन ने आत्मघाती बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने बताया कि रविवार को बन्नू छावनी में आजाद मंडी के पास उत्तरी वजीरिस्तान जिले से बन्नू जा रहे सुरक्षा बलों के काफिले को विस्फोटकों से भरे एक तिपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इसने बताया कि आत्मघाती हमले में एक पैदल यात्री की मौत हो गई और 13 सुरक्षाकर्मी तथा आठ नागरिक घायल हो गए। घायलों को बन्नू के 'कम्बाइंड मिलिट्री' अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, तीन सुरक्षाकर्मियों की हालत गंभीर है। सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, पाकिस्तान के सुरक्षा बलों द्वारा रविवार को प्रांत में एक खुफिया अभियान के दौरान आठ आतंकवादियों को मार गिराये जाने के बाद यह आत्मघाती हमला हुआ है।

# अमेरिका में भारत के राजदूत संधू के साथ खालिस्तानी समर्थकों ने की धक्का-मुक्की

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने गुरुपर्व के अवसर पर न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में एक गुरुद्वारे में अरदास की। गुरुद्वारे में खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्का-मुक्की की लेकिन सिख समुदाय के सदस्यों ने उन लोगों को बाहर निकाल दिया। संधू ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "लॉन्ग आइलैंड के गुरु नानक दरबार में अफगानिस्तान सहित स्थानीय संगत के साथ गुरुपर्व मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान कीर्तन सुना, गुरु नानक के एकजुटता, एकता और समानता के शाश्वत संदेश के बारे चर्चा की, लंगर में शामिल हुआ और सभी के लिए आशीर्वाद मांगा।' खालिस्तानियों के विरोध की आशंका के बीच संधू का हिक्सविले गुरुद्वारे में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सूत्रों ने




बताया कि कुछ उपद्रवियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की करने की कोशिश की लेकिन सिख समुदाय के सदस्यों ने उन्हें बाहर निकाल दिया। संधू ने गुरुद्वारे में अपने बयान में सिख समुदाय के सदस्यों को आश्वासन दिया कि अमेरिका में भारतीय राजनयिक उन्हें सभी सहायता और समर्थन प्रदान करेंगे। संधू ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूत रणधीर जयसवाल और उप महावाणिज्य दूत वरुण जेफ के साथ, भारत-अमेरिका साझेदारी में वृद्धि पर प्रकाश डाला जो स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, आईटी, उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर या शिक्षा आदि क्षेत्रों से संबंधित है। इस अवसर पर गुरुद्वारा के सदस्यों और पदाधिकारियों ने भारतीय राजदूत का सम्मान किया। संधू ने उल्लेख किया कि तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा कर लेने के बाद अगस्त 2021 में सिख धर्मग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब के तीन 'सरूप' काबुल से दिल्ली लाए गए थे। संधू के साथ खालिस्तानी समर्थकों द्वारा धक्का-मुक्की करने की घटना के प्रसारित वीडियो के अनुसार, गुरुद्वारे की यात्रा के दौरान कुछ खालिस्तान समर्थकों ने संधू को घेर लिया और इस वर्ष जून में कनाडा में मारे गए खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के बारे में सवाल किए।

# पाकिस्तान की शीर्ष भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से पूछताछ की

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था ने कई अरब रुपये के भ्रष्टाचार के मामले में देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जेल में पूछताछ की। सोमवार को मीडिया में इस बारे में खबर आई। भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था ने 'डॉन' अखबार को बताया कि राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की टीम रविवार को अदियाला जेल में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से पूछताछ करने पहुंची थी। पूर्व प्रधानमंत्री (71) विभिन्न मामलों में 26 सितंबर से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली जेल में हैं। खबर के अनुसार एनएबी की टीम ने अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में खान से दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की जिसमें वह 50 अरब रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। अल-कादिर ट्रस्ट मामला करीब 50 अरब रुपये के लेन देन से



जुड़ा है जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने एक पाकिस्तानी कारोबारी से वसूलने के बाद पाकिस्तान हस्तांतरित किया था। खान उस वक्त प्रधानमंत्री थे और उन्होंने इस रकम को राष्ट्रीय कोषागार में जमा करने के बजाय कारोबारी को इस रकम को कुछ साल पहले उच्चतम न्यायालय द्वारा उस पर लगाए गए 450 अरब रुपये के जुमार्ने के आंशिक भुगतान के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी। कारोबारी ने इसके बदले खान एवं उनकी पत्नी बुशरा बीबी द्वारा गठित एक ट्रस्ट को पंजाब के झेलम जिले में सोहावा इलाके में अल-कादिर यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए करीब 57 एकड़ जमीन कथित रूप से उपहार में दी थी।

# संसद पुराने कानूनों को निरस्त कर रही, नये कानून बना रही हैः धनखड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि कानूनी सहायता से इनकार करने से कमजोर लोगों के लिए अस्तित्व संबंधी चुनौती पैदा होती है, लेकिन सकारात्मक पहल और नीतियां कमजोर वर्गों के सामने आने वाली ऐसी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकती हैं। धनखड़ ने यह भी कहा कि 'ग्लोबल साउथ' (अल्पविकसित देशों) को अपने औपनिवेशिक अतीत की बेड़ियों को त्याग देना चाहिए और उन ऐतिहासिक गलतियों को पलटने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए, जिनकी वजह से अन्याय और असमानता कायम है। उन्होंने कहा, 'भारत के उदाहरण का अनुसरण करने और उस पर अमल का वक्त आ गया है... हमारा देश उस प्रक्रिया में शामिल है और वैसे मसौदा कानून संसद के विचाराधीन हैं जो हमारे दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव



लाएंगे और प्रक्रिया (संहिता) और दंडशास्त्र में उन शोषणकारी प्रावधानों पर पूरी तरह से अंकुश लगाएंगे।' उपराष्ट्रपति स्पष्ट रूप से उन तीन विधेयकों का जिक्र कर रहे थे जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेने वाले हैं।

धनखड़ ने 'कमजोर लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता तक पहुंच सुनिश्चित करनाः ग्लोबल साउथ में चुनौतियां और अवसर' विषय पर पहले क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा कि संसद ने कानूनी सुधार की यात्रा शुरू कर दी है। मध्यस्थता को बढ़ावा देना, प्रगति में बाधा डालने वाले पुराने कानूनों को निरस्त करना और समसामयिक चुनौतियों का समाधान करने वाले नए कानून बनाना ऐसे कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं, जिनके लिए विधेयकों पर विचार किया जा रहा है और उन्हें पारित किया जा रहा है। उन्होंने महसूस किया कि कानूनी सहायता और न्याय प्रणाली तक पहुंच मौलिक मानवीय मूल्यों के पोषण और विकास तथा समतापूर्ण समाज को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना के वाक्यांश 'हम, भारत के लोग' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक समावेशी दस्तावेज की भावना को दशार्ता है, जिसका उद्देश्य पृष्ठभूमि, परिस्थितियों या सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, 'मौलिक अधिकारों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के अधिकार से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 32 को बीआर आंबेडकर ने 'संविधान की आत्मा' के रूप में स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित किया था।' उन्होंने यह भी कहा कि प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ विशेष रूप से हाशिये पर रहने वाले वर्गों के लिए कानूनी सहायता की उपलब्धता और आसानी से न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में हैं। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधान न्यायाधीश ने पिछले एक साल में सकारात्मक नवोन्मेषी जन-केंद्रित कदमों की श्रृंखला शुरू की है, जो समाज के कमजोर वर्गों के लिए कानूनी सहायता और न्याय प्रणाली तक आसान पहुंच को बढ़ावा देने में परिवर्तन का वाहक (गेम चेंजर) साबित हुए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश भी मौजूद रहे।

# थाईलैंड और श्रीलंका के अलावा अब मलेशिया भी देगा भारतीयों को वीजा-मुक्त प्रवेश

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने एक दिसंबर से भारतीय एवं चीनी नागरिकों को 30 दिन का वीजा मुक्त प्रवेश दिए जाने की घोषणा की है। थाईलैंड और श्रीलंका ने भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हालिया सप्ताह में इसी प्रकार की घोषणाएं की थी। इब्राहिम ने कहा कि वर्तमान में खाड़ी देशों और तुर्किये एवं जॉर्डन सहित अन्य पश्चिम एशियाई देशों को यह सुविधा प्राप्त है तथा अब यह भारत और चीन को भी दी जाएगी। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'बरनामा' के अनुसार, इब्राहिम ने साथ ही कहा कि वीजा छूट के दौरान कड़ी सुरक्षा जांच की जाएगी। इब्राहिम देश के वित्त मंत्री थी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मलेशिया आने वाले सभी पर्यटकों और आगंतुकों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। सुरक्षा एक अलग मामला है। यदि किसी व्यक्ति का आपराधिक




रिकॉर्ड हैं या किसी से आतंकवाद का खतरा है तो उसे प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह सुरक्षा बलों और आव्रजन के अधिकार क्षेत्र में आता है।' इस समय आठ आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) देशों को सामाजिक यात्राओं, पर्यटन और व्यापार के उद्देश्य से मलेशिया में 30-दिवसीय वीजा-मुक्त प्रवेश दिया जा रहा है। मलेशिया में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या के मामले में भारत शीर्ष देशों में शामिल है। 'मलेशिया टूरिज्म प्रमोशन बोर्ड' के आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में मलेशिया में कुल 3,24,548 भारतीय पर्यटक आए।

# सुक्खू सरकार धर्मशाला में मनाएगी एक साल का जश्न, 11 को होगा कार्यक्रम

दर्पण न्यूज सर्विस

शिमला। हिमाचल सरकार एक साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न 11 दिसंबर को धर्मशाला में मनाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा को कार्यक्रम की तैयारियों का जिम्मा सौंपा है। पुलिस मैदान धर्मशाला में एक साल के कार्यकाल का जश्न मनाया जाएगा। समारोह के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला को बुलाने की तैयारी है। इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री दिल्ली जाएंगे।



सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का एक साल पूरा होने पर पुलिस मैदान में जनसभा की जाएगी। मैदान के आसपास विभिन्न विभागों की ओर से बीते एक साल के दौरान के किए विकासात्मक कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्यक्रम के आयोजन की मंजूरी मिलते ही रूपरेखा बनाने का काम शुरू हो गया है। मंत्रियों और विधायकों के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें अगले एक वर्ष के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर जनसभा में मुख्यमंत्री अपनी बात रखेंगे।

## दुर्गम क्षेत्रों में रिक्त पदों को जल्द भरे राज्य सरकारः प्रतिभा सिंह



शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों किन्नौर, लाहौल-स्पीति के दुर्गम इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इन क्षेत्रों में कर्मचारियों के रिक्त पदों को तुरंत भरने को कहा है। उन्होंने बर्फबारी से पहले इन क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा है। एक सप्ताह के किन्नौर व लाहौल-स्पीति के दौरे से लौटकर प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोगों ने उन्हें इन क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के बारे बताया है। स्कूलों में भी कई जगह अध्यापकों के पद खाली चल रहे हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों का विकास कांग्रेस सरकार का प्रमुख लक्ष्य रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह ने इन क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। उन योजनाओं को सही तरीके से चलाने की जरूरत है। इन क्षेत्रों में लोगों का जीवन बहुत ही कठिन है। भारी बर्फबारी व ठंड के कारण इन क्षेत्रों के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। प्रतिभा सिंह ने सीमा सड़क संगठन के सड़क निर्माण में पिछले कई सालों से लगे स्थानीय मजदूरों को उनके कार्यों से हटाने के किसी भी प्रस्ताव को लेकर स्थानीय श्रमिकों को आश्वासन दिया कि वह इस बारे में सीमा सड़क संगठन के उच्च अधिकारियों से बातचीत करेंगी। उन्होंने कहा कि किन्नौर, पूह, काजा में सड़क निर्माण में स्थानीय श्रमिकों को बहुत बड़ा योगदान है। प्रतिभा सिंह ने जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को ईंधन की लकड़ी पर राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी बहाल करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में लोगों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की जानी चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला संपन्न, पहली बार महिलाओं ने डाली महानाटी

दर्पण न्यूज सर्विस

ददाहू (सिरमौर)। अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेले के समापन पर सोमवार को मंदिर परिसर में पहली बार सिरमौरी महानाटी का भव्य आयोजन किया गया। इसमें जिले के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1,000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। महानाटी की अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की। इसका आयोजन ग्रामीण विकास अभिकरण की ओर से उपायुक्त सुमित खिमटा के प्रयासों से किया गया, जिसमें सिरमौरी लोक संस्कृति को बखूबी दशार्या गया। महानाटी में महिलाएं सिरमौरी परिधानों में प्रस्तुति देकर लोक संस्कृति के संरक्षण का संदेश दे रही थीं। महानाटी का संचालन पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने किया। महानाटी में ठोडा, बुड़ेच जैसे पहाड़ी व पारंपरिक संस्कृति को लोकगीतों के माध्यम से दशार्या गया। लोक वाद्ययंत्रों की ध्वनि के बीच आयोजित इस महानाटी का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया।



वहीं, देवताओं की घर वापसी के साथ ही छह दिन से चला आ रहा अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला सोमवार को संपन्न हो गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने परंपरा के अनुसार देव पालकियों को कंधा देकर विदा करने के साथ मेले का विधिवत समापन भी किया। इसके साथ ही मेले में पधारे देवता अपने देवस्थलों की ओर प्रस्थान कर गए। इससे पूर्व उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना करके उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजों व शंख घंटियाल की मधुर धुनों के बीच की गई देव विदाई के चलते श्री रेणुकाजी घाटी कुछ पल के लिए भक्ति रस में डूब गई। राज्यपाल के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ देवताओं को विदाई दी।

राज्यपाल ने मेले के सफल आयोजन को लेकर जहां जिला प्रशासन की पीठ थपथपाई, वहीं क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को बल मिलता है। वैसे भी यह मेला प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे उत्तरी भारत में अपनी अलग पहचान रखता है। इसके प्रति क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है।

इस मौके पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल, सांसद सुरेश कशयप, रेणुकाजी के विधायक विनय कुमार, उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा, अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा, एसडीएम नाहन रजनेश कुमार, तहसीलदार ददाहू राजेंद्र ठाकुर व सीईओ रविंद्र गुप्ता सहित रेणुकाजी विकास बोर्ड के अन्य सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हिमाचल समेत 18 राज्यों में लागू होगा एक जैसा ई-विधान सॉफ्टवेयर

दर्पण न्यूज सर्विस

शिमला। हिमाचल प्रदेश 18 राज्यों की विधानसभाओं में एक जैसा ई-विधान सॉफ्टवेयर लागू किया जाएगा। नए सॉफ्टवेयर को अपनाकर ही राज्य में नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन को लागू किया जाएगा। वर्ष 2014 में ई-विधान प्रणाली को शुरू करने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य बना था। अब नए सॉफ्टवेयर को अपनाकर ही राज्य में नेशनल ई-विधान प्रणाली लागू होगी। विधानसभा का बजट सत्र भी हिमाचल प्रदेश इसी सॉफ्टवेयर से संचालित कर सकता है।




पहली पेपरलेस विधानसभा हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2014 में शुरू की गई थी। इसके बाद ई-विधान के हिमाचल मॉडल को अपनाने के लिए कई राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और विधायक यहां आते रहे और निरीक्षण करते रहे। हिमाचल प्रदेश के इस मॉडल को आधार बनाकर केंद्रीय स्तर पर यह तय हुआ कि पूरे देश की विधानसभाओं को पेपरलेस किया जाएगा। इसके लिए नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन अपनाई जाएगी। इसे एनईवीए नाम दिया गया है।

एनईवीए राज्य की सभी विधानसभाओं को डिजिटल हाउसेज में बदलेगी। इस नए सॉफ्टवेयर को अपनाने के लिए हिमाचल प्रदेश सहित 18 राज्यों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

# हिमाचल के डूबते पर्यटन कारोबार को व्हाइट क्रिसमस से आस

दर्पण न्यूज सर्विस

शिमला। हिमाचल प्रदेश में डूबते पर्यटन कारोबार को अब व्हाइट क्रिसमस से आस है। कोरोना के बाद प्राकृतिक आपदा से पर्यटकों ने प्रदेश की वादियों का रुख करना कम कर दिया है। बाहरी राज्यों के पर्यटक वाहनों पर लगाए गए दोगुने टैक्स के बाद सैलानियों की संख्या में कमी आई है। पर्यटन कारोबार फिर रफ्तार पकड़ सके, इसके लिए पर्यटन व्यवसायी लुभावने पैकेज देने की तैयारी कर रहे हैं। बर्फबारी हुई तो हिमाचल के पर्यटन कारोबार में उछाल आने की उम्मीद है। क्रिसमस और न्यू ईयर से पहले शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी में धीरे-धीरे होटलों में एडवांस बुकिंग बढ़ने लगी है। कोरोना काल में दो साल प्रदेश में पर्यटन कारोबार बुरी तरह प्रभावित रहा। इस साल बरसात के दौरान भारी बारिश से आई आपदा के कारण सैलानियों ने प्रदेश का रुख करना बंद कर दिया,



जिससे पर्यटन कारोबार को भारी नुकसान पहुंचा। प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन कारोबार का करीब 4.3 फीसदी हिस्सा है। प्रदेश का बड़ा वर्ग पर्यटन कारोबार पर निर्भर है। होटल कारोबारी, ट्रैवल एजेंट, टैक्सी ऑपरेटर, गाइड, फोटोग्राफर और हॉर्स राइडर का व्यवसाय सैलानियों पर निर्भर है। सैलानियों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विकास निगम और निजी होटल संचालक आकर्षक पैकेज जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। तीन दिन ठहरने पर एक दिन मुफ्त, एडवांस बुकिंग पर कमरे के किराये में 20 फीसदी छूट, कमरे की बुकिंग पर ब्रेकफॉस्ट फ्री, टूअर पैकेज बुक करने पर फ्री पिकअप और ड्रॉप, साइट सीन बुकिंग पर 30 फीसदी छूट देने की योजना है। फेडरेशन ऑफ हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेशन एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के बाद प्रदेश में सैलानियों की संख्या घटी है। दिसंबर में क्रिसमस, न्यू ईयर पर बर्फबारी से सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद का कहना है कि क्रिसमस, न्यू ईयर पर सैलानियों के लिए पैकेज जारी करने की तैयारी है। ऑल हिमाचल कॉमर्शियल व्हीकल ज्वाइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र ठाकुर के अनुसार आपदा से हुए नुकसान के बाद टैक्सी ऑपरेटरों को विंटर सीजन से बड़ी उम्मीदें हैं।

### क्रिसमस पर कब कब हुई बर्फबारी

| साल | दिसंबर में कब |
|---|---|
| 1989 | 22 से 24 दिसंबर |
| 1991 | 24 से 25 दिसंबर |
| 1995 | 21 से 22 दिसंबर |
| 2013 | 23 दिसंबर |
| 2015 | 24 दिसंबर |
| 2016 | 26 दिसंबर |

## अब रॉयल चैलेंजर बंगलूरू से खेलेंगे हिमाचल के मयंक डागर

दर्पण न्यूज सर्विस

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट टीम के आल राउंडर मयंक डागर आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर बंगलूरू से खेलते हुए नजर आएंगे। रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू और सनराइजर्स हैदराबाद ने खिलाड़ियों की अदला-बदली की। ऑलराउंडर शाहबाज अहमद सनराइजर्स हैदराबाद चले गए उनकी जगह आरसीबी ने ऑलराउंडर मयंक डागर को लिया है। मयंक डागर को आरसीबी ने हैदराबाद की मौजूदा फीस में ही लिया है। पिछले सीजन में हैदराबाद ने मयंक डागर को 1.80 करोड़ रुपये में खरीदा था। दाएं हाथ के आल राउंडर मयंक पहले किंग्स इलेवन पंजाब का हिस्सा रह भी चुके है। 2023 के आईपीएल सीजन में उन्होंने सिर्फ तीन ही मैच खेले और एक विकेट हासिल किया था। घरेलू क्रिकेट सीजन में मयंक डागर ने बल्ले



और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए अहम योगदान दिया है। गेंदबाजी से भी वे टीम को बढ़त दिलाने का काम करते हैं। मयंक डागर 2016 में अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय की टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने जुलाई 2018 में यो-यो फिटनेस टेस्ट में प्रभावशाली 19.3 स्कोर करके सुर्खियां बटोरीं थीं।

## बीआरसीसी के 282 पद, 750 शिक्षक दौड़ में

दर्पण न्यूज सर्विस

शिमला। प्रदेश में ब्लॉक रिसोर्स सेंटर कोऑर्डिनेटर (बीआरसीसी) के 282 पद भरने के लिए तीन दिसंबर को शिमला में लिखित परीक्षा होगी। प्रदेशभर से 750 शिक्षकों ने परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं। बीआरसीसी की नियुक्ति पांच साल के लिए होगी। पूर्व में तीन साल के लिए इन्हें नियुक्त किया जाता था। 50 फीसदी नियुक्तियां जेबीटी और 25-25 फीसदी टीजीटी व प्रवक्ता कैडर से होंगी। लिखित परीक्षा पास करने वाले शिक्षकों का शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी साक्षात्कार लेकर चयन करेगी।



समग्र शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से परीक्षा आयोजित की जाएगी। रोल नंबर, परीक्षा केंद्र और परीक्षा के समय की जानकारी समग्र शिक्षा की वेबसाइट पर जल्द प्रदर्शित की जाएगी। प्रदेश के 141 शिक्षा खंडों में 282 बीआरसीसी नियुक्त किए जाने हैं। 141 पद जेबीटी और 141 पद टीजीटी तथा प्रवक्ता कैडर से भरे जाएंगे। पूर्व में बीआरसीसी रहे चुके और 50 वर्ष से अधिक आयु वाले शिक्षक इस भर्ती के लिए पात्र नहीं हैं। शैक्षणिक योग्यता, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

प्रवक्ताओं को पहली बार इस भर्ती में शामिल किया जा रहा है। 15 वर्ष से कम शैक्षणिक अनुभव वाले शिक्षक भी इन नियुक्तियों के लिए पात्र नहीं हैं। प्राइमरी की कक्षाओं के लिए जेबीटी और अन्य कक्षाओं के लिए टीजीटी और प्रवक्ताओं को बीआरसीसी नियुक्त किया जाएगा। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से डिग्री करने वाले शिक्षक इसके लिए पात्र होंगे। अगर किसी शिक्षक के खिलाफ कोई जांच चल रही है या पहले किसी गलती के लिए शिक्षक दोषी ठहराया गया हो तो, उन्हें भी पात्र नहीं माना जाएगा।

आवेदक को कंप्यूटर और समग्र शिक्षा की योजनाओं की जानकारी होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया के तहत 40 अंक लिखित परीक्षा और कक्षा में पढ़ाने के तरीके के आधार पर मिलेंगे। 40 अंक शैक्षणिक योग्यता के रहेंगे। 20 अंक साक्षात्कार के होंगे। साक्षात्कार लेने वाली कमेटी का शिक्षा सचिव को अध्यक्ष बनाया है।

## तीन हिस्सों में होगा नौणी से शालाघाट फोरलेन का निर्माण

दर्पण न्यूज सर्विस

जुखाला (बिलासपुर)। शिमला-मटौर फोरलेन के पैकेज दो नौणी (बिलासपुर) से शालाघाट तक का निर्माण अब तीन भागों में होगा। करीब 2,500 करोड़ रुपये की लागत से यह 29 किलोमीटर का पैच बनेगा। पहले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इसे दो भागों नौणी-धड्योटा और धड्योटा-शालाघाट में बांटा था। फोरलेन को तीन भागों में बांटने का उद्देश्य यह है कि इसके निर्माण कार्य में तेजी आए। पहले हिस्से नौणी-दसेरन के करीब 18 किलोमीटर पैच का टेंडर इसी वित्त वर्ष में हो जाएगा।



अगले वित्त वर्ष में दसेरन-धड्योटा चार किलोमीटर और उसके बाद धड्योटा-शालाघाट सात किलोमीटर का टेंडर होगा। इसी तरह शालाघाट-तारादेवी फोरलेन पैकेज-एक की डीपीआर की प्रक्रिया चली हुई है। अगले वित्त वर्ष में इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। नौणी-शालाघाट के बीच बनने वाली दो सुरंगों के निर्माण का अलग से टेंडर होगा। उत्तराखंड में टनल हादसे के बाद अब एनएचएआई के अधीन आने वाली हिमाचल की सभी 12 टनलों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के आदेश दिए गए हैं।

इसके लिए विशेषज्ञों की टीमें इन सुरंगों का दौरा कर चुकी हैं। जल्द ही केंद्र से डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) की टीम इन सुरंगों की सुरक्षा की जांच करेगी। गौर हो कि पहाड़ों में भूस्खलन का ज्यादा खतरा रहता है। इसलिए एनएचएआई हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में ज्यादा सुरंगें बनाने पर ध्यान दे रही है, जिससे फोरलेन बनाते समय पहाड़ों को कम नुकसान हो।

नौणी-दसेरन फोरलेन का टेंडर इसी वित्त वर्ष में हो जाएगा। प्रदेश में फोरलेन के दौरान पहाड़ों को कम नुकसान हो, इसके लिए टनल बनाने को प्राथमिकता दी जा रही है। टनलों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

### शराब पीकर गाड़ी चलाई तो यमराज आएंगे डिलिवरी लेने, परिवहन विभाग ने वीडियो जारी कर दिया संदेश

शिमला। शराब पीकर गाड़ी चलाई तो डिलिवरी लेने खुद यमराज आएंगे। परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर तैयार किए गए वीडियो में शराब पीकर गाड़ी न चलाने का संदेश दिया गया है। वीडियो में कौन बनेगा करोड़पति फेम शिमला के अरुणोदय ने अभिनय किया है। शिमला में ही वीडियो शूट किया गया है। संदेश दिया गया है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने से किसी और को न सही, लेकिन आपके परिवार जनों को जरूर फर्क पड़ेगा। रिश्तेदार आपकी तेरहवीं में आएंगे और स्वादिष्ट खाना खाकर लौट जाएंगे। परिवहन विभाग के निदेशक अनुपम कश्यप ने बताया कि लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करने के लिए वीडियो संदेश तैयार किया गया है। लोगों को आकर्षित करने के लिए अरुणोदय से अभिनय करवाया गया है। परिवहन विभाग के सोशल मीडिया पेज पर वीडियो जारी करने के महज 20 घंटों के भीतर ही यह हिमाचल के साथ देश-विदेश तक करीब 10 हजार लोग इस वीडियो को देख चुके हैं। 250 से अधिक लोगों ने इसे शेयर किया है।

# एम्स बिलासपुर में ओपीडी व्यवस्था बदली, अब फोन से भी करवा सकेंगे पंजीकरण

दर्पण न्यूज सर्विस

बिलासपुर। एम्स बिलासपुर की ओर से ओपीडी व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 28 नवंबर से लोगों को ओपीडी के बाहर पर्ची काउंटर की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। साथ ही एम्स प्रबंधन ने सीमित ओपीडी पंजीकरण व्यवस्था को खत्म कर दिया गया। लोग फोन के माध्यम से भी एम्स में पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रबंधन की ओर से ओपीडी की समय सारणी में भी बदलाव किया गया है। एम्स में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए समय-समय पर व्यवस्था में परिवर्तन किया जाता है। इसी के मद्देनजर एम्स प्रबंधन ने पर्ची काउंटर व्यवस्था में परिवर्तन किया है।

सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक काउंटर पर जाकर लोग पंजीकरण करवा सकते हैं। शनिवार के दिन सुबह 8:00 से 11:00 बजे तक पंजीकरण होगा। वहीं फोन के माध्यम से पंजीकरण सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक करवा सकते हैं। इसके लिए 8219550572, 9015480371 और 01978292563 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी के लिए भी इन नंबर पर सुबह संपर्क किया जा सकता है। एम्स बिलासपुर प्रबंधन की ओर से इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह बदलाव 28 नवंबर से लागू होंगे।

**सोमवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**

जनरल मेडिसिन (यूनिट-1) जनरल सर्जरी, बालरोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-1), अस्थि रोग (1), त्वचा रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, एंडोक्रिनोलॉजी, मनोरोग, हृदय चिकित्सा, कैंसर विभाग, दंत रोग, बाल शल्य चिकित्सा, विकिरण कैंसर विभाग, कैंसर शल्य चिकित्सा, प्लास्टिक सर्जरी, नवजात शिशु विभाग, गठिया विभाग, पीएसी और किडनी रोग विभाग।

**सोमवार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**

अस्थि रोग (1), बालरोग चिकित्सा, दंत रोग, ईएनटी, त्वचा रोग, जनरल सर्जरी, मनोरोग, एंडोक्रिनोलॉजी, बाल शल्य चिकित्सा, कैंसर शल्य चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (युनिट-1) जनरल मेडिसिन (यूनिट-1), विकिरण कैंसर विभाग, वृद्धावस्था चिकित्सा विभाग और पीएसी।

**मंगलवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**




तंत्रिका-विज्ञान, मनोरोग, जनरल मेडिसिन (यूनिट-2) जनरल सर्जरी, बालरोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-2), अस्थि रोग (2), त्वचा रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, हृदय छाती एवं रक्त वाहिनी शल्यचिकित्सा (सीटीवीएस), कैंसर शल्यचिकित्सा, विकिरण कैंसर विभाग, दंत रोग, तंत्रिका शल्य चिकित्सा, मूत्र रोग, पीएसी, और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी।

**मंगलवार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**

अस्थि रोग (2), तंत्रिका-विज्ञान, मनोरोग, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, दंत रोग, ईएनटी, त्वचा रोग, जनरल सर्जरी, विकिरण कैंसर विभाग, बालरोग चिकित्सा, पीएसी, कैंसर शल्य चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-2), जनरल सर्जरी (यूनिट-2) और गैर-संचारी रोग (एनसीडी)।

**बुधवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**

जनरल मेडिसिन (यूनिट-3), सामान्य शल्य चिकित्सा, बाल रोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग, (यूनिट-3), अस्थि रोग (1), त्वचा रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, एंडोक्रिनोलॉजी, मनोरोग, हृदय चिकित्सा, कैंसर विभाग, दंत रोग, बाल शल्यचिकित्सा, विकिरण कैंसर विभाग, कैंसर शल्यचिकित्सा, प्लास्टिक सर्जरी, नवजात शिशु विभाग, पीएसी और किडनी रोग विभाग।

**बुधवार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**

बाल शल्य चिकित्सा, कैंसर शल्यचिकित्सा, जनरल मेडिसिन (यूनिट-3), जनरल सर्जरी, बालरोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-3) अस्थि रोग (1), त्वचा रोग, ईएनटी, दंत रोग, एंडोक्रिनोलॉजी, मनोरोग, पीएसी, विकिरण कैंसर विभाग और वृद्धावस्था चिकित्सा विभाग।

**गुरुवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**

तंत्रिका-विज्ञान, मनोरोग, जनरल मेडिसिन (यूनिट -1), जनरल सर्जरी, बालरोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-1), अस्थि रोग (2), त्वचा रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, हृदय छाती एवं रक्त वाहिनी शल्यचिकित्सा, (सीटीवीएस), कैंसर शल्यचिकित्सा, विकिरण कैंसर विभाग, दंत रोग, तंत्रिका शल्य चिकित्सा, पीएसी, इंटरनेशनल रेडियोलॉजी, गठिया विभाग, मूत्र रोग और बाल शल्यचिकित्सा।

**गुरुवार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**

अस्थि रोग (2), तंत्रिका-विज्ञान, मनोरोग, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, दंत रोग, ईएनटी, त्वचा रोग, जनरल सर्जरी, विकिरण कैंसर विभाग, बालरोग चिकित्सा,पीएसी, कैंसर शल्य चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-1) जनरल सर्जरी, (यूनिट-1) और बाल शल्यचिकित्सा।

**शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**

जनरल मेडिसिन (यूनिट-2), जनरल सर्जरी, बालरोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-2) अस्थि रोग (1), त्वचा रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, एंडोक्रिनोलॉजी, मनोरोग, हृदय चिकित्सा, कैंसर विभाग, दंत रोग, बाल शल्यचिकित्सा, विकिरण कैंसर विभाग, कैंसर शल्यचिकित्सा, प्लास्टिक सर्जरी, नवजात शिशु विभाग, पीएसी, किडनी रोग विभाग और मूत्ररोग।

**शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**

बाल शल्य चिकित्सा, कैंसर शल्यचिकित्सा, जनरल मेडिसिन (यूनिट-2), जनरल सर्जरी, बालरोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-2), अस्थि रोग (1), त्वचा रोग, ईएनटी, दंत रोग, एंडोक्रिनोलॉजी, मनोरोग, पीएसी, विकिरण कैंसर विभाग और गैर-संचारी रोग (एनसीडी)।

**शनिवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**

जनरल मेडिसिन (यूनिट-3), जनरल सर्जरी, बालरोग चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग (यूनिट-3), अस्थि रोग (2), त्वचा रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, मनोरोग, दंत रोग, विकिरण कैंसर विभाग, कैंसर शल्यचिकित्सा, पीएसी, तंत्रिका-विज्ञान और तंत्रिका शल्यचिकित्सा।

# गुजरात से मुंबई पहुंचे हार्दिक पांड्या, ग्रीन अब आरसीबी में, ऐसे हुआ सौदा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या आखिरकार रविवार को अपनी पुरानी आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस वापस लौट गए। उनका 72 घंटे के ड्रामे के बाद कैश ट्रेड डील के साथ गुजरात से मुंबई की टीम में जाना हुआ। इस ऑल कैश डील में कोई खिलाड़ी शामिल नहीं होता है। रविवार को पांच बजे आईपीएल की रिटेन विंडो की समय सीमा समाप्त हो गई थी और उस समय तक गुजरात ने हार्दिक का नाम अपनी रिटेन सूची में रखा हुआ था। हालांकि, अभी तक औपचारिक कागजी कार्रवाई पूरी नहीं हुई है और इसलिए आईपीएल व बीसीसीआई ने इस फैसले को अपनी मंजूरी नहीं दी है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य ने कहा, शाम पांच बजे के बाद हार्दिक का ट्रेड ऑफ पूरा हुआ। सौदा अब औपचारिक रह गया है और वह अब मुंबई के खिलाड़ी हैं। यह एक ऑल कैश डील है। मुंबई ने अपने ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को ऑल कैश डील के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के साथ समझौता किया है। मुंबई के पास हार्दिक को टीम में शामिल करने के लिए गुजरात के साथ ऑल कैश डील करने का पर्याप्त धन था। ग्रीन को पिछली नीलामी के दौरान मुंबई ने 17.5 करोड़ रुपये में टीम के साथ जोड़ा था। हार्दिक पिछले साल गुजरात के साथ जुड़े थे और टीम के पदार्पण सत्र में खिताब जीता था। इस साल भी टीम हार्दिक की कप्तानी में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन खिताबी मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स से हार गई थी। हार्दिक का गुजरात के साथ दो साल का करार था। सभी टीमों ने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है।



रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों को लेकर 10 टीमों में हुए बड़े बदलाव

**मुंबई इंडियंस :** फ्रेंचाइजी ने गुजरात टाइटंस से हार्दिक को टीम में शामिल किया है। रोहित भी टीम में कायम हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को रिलीज कर दिया।

**गुजरात टाइटंस :** मोहम्मद शमी भी टीम के साथ हैं। हार्दिक पंड्या मुंबई की टीम में चले गए हैं। रिंकू से पांच छक्के खाने वाले यश दयाल को टीम से बाहर कर दिया।

**लखनऊ सुपरजाइंटस :** कप्तान केएल राहुल, क्विंटन डिकॉक, स्पिनर अमित मिश्रा जैसे बड़े अनुभवी खिलाड़ी टीम में कायम हैं। ट्रेड के जरिये आवेश को बाहर कर पडिडकल को लिया गया।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से शाहबाज अहमद को लिया गया। मार्करम, राहुल त्रिपाठी, फिलिप्स, क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज टीम में है। हैरी ब्रुक को जगह नहीं मिली।

**कोलकाता नाइटराइडर्स :** अलीगढ़ के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह, नितीश राणा, श्रेयस अय्यर, रसेल, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती टीम में हैं। शाकिब, दास, शार्दुल, उमेश, लॉकी को रिलीज कर दिया गया।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** बड़े बदलाव में धोनी टीम के साथ रहेंगे और 2024 में कप्तानी करेंगे। रहाणे और जडेजा भी टीम में हैं। वहीं, इंग्लिश ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को रिलीज कर दिया। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 16.25 करोड़ रुपये में टीम के साथ जोड़ा था। हालांकि स्टोक्स ने 2024 सत्र के लिए कार्य प्रबंधन और फिटनेस के चलते खेलने से मना कर दिया था।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत टीम के साथ बने हुए हैं। उनके अलावा वॉर्नर, पृथ्वी शॉ भी हैं। सरफराज, मनीष पांडे को रिलीज कर दिया।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू, अश्विन, चहल, जायसवाल, ट्रेंट बोल्ट टीम में बने हुए हैं। जो रूट, जेसन होल्डर को टीम से बाहर कर दिया गया। रूट ने 2024 आईपीएल में खेलने से इन्कार कर दिया था।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** मुंबई इंडियंस से कैमरन ग्रीन को शामिल किया है। फाफ डुप्लेसिस, मैक्सवेल, कोहली, कार्तिक, सिराज को रिटेन किया गया है। वहीं, हसरंगा, हर्षल और हेजलवुड को रिलीज किया है।

**पंजाब किंग्स :** धवन, बेयरस्टो, लिविंगस्टोन, सैम कुर्रन, रबादा अगले साल टीम की तरफ से खेलते दिखाई देंगे। वहीं, राज अंगद बावा, शाहरुख खान और भानुका राजपक्षे को रिलीज कर दिया गया।

# शुभमन गिल होंगे गुजरात टाइटंस के नए कप्तान नई जिम्मेदारी पर फ्रेंचाइजी का धन्यवाद किया

**दर्पण न्यूज सर्विस**

नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस में लौटने के बाद गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 से पहले शुभमन गिल को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। गुजरात टाइटंस के एक बयान में कहा गया गिल एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें अनुभव और युवा उत्साह का एक अद्वितीय संयोजन है, जो गुजरात टाइटन्स की पहचान रही है। गिल ने गुजरात के लिए 33 पारियों में 47.34 की औसत से तीन शतक और आठ अर्द्धशतक की मदद से 1373 रन बनाए हैं। पिछला सीजन इस सलामी बल्लेबाज के लिए यादगार था, क्योंकि उन्होंने 17 मैचों में 59.33 की औसत से तीन शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 890 रन बनाए और ऑरेंज कैप भी अपने नाम की थी। शुभमन गिल ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस की शानदार शुरूआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले सीजन में, उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 60 गेंदों में 129 रन बनाए, जो कि आईपीएल प्लेऑफ में किसी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। कप्तान की जिम्मेदारी मिलने पर गिल ने कहा मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। हमारे पास दो सीजन बहुत शानदार रहे हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं। आईपीएल 2022 में अपने पहले सीजन में चैंपियन बनने के बाद, जीटी अगले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से फाइनल में हारकर खिताब जीतने से चूक गई। गिल ने पिछले आईपीएल में तीन शतक भी लगाए थे। एक सीजन में उनसे ज्यादा शतक केवल रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली (2016) और राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जोस बटलर (2022) ने बनाए हैं। दोनों एक ही आईपीएल सीजन में चार-चार शतक बनाए हैं। गुजरात और मुंबई की फ्रेंचाइजी के बीच ट्रेड के बाद, गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या अपनी पहली फ्रेंचाइजी, मुंबई इंडियंस में वापस चले गए। हार्दिक ने जीटी के साथ दो महत्वपूर्ण वर्ष बिताए और आत्मविश्वास के साथ उनके अभियान का नेतृत्व किया। 2022 में जीटी के पहले सीजन में हार्दिक ने एक शानदार शुरूआत सुनिश्चित की और गुजरात की टीम ने ट्रॉफी जीती, जबकि वे इस साल की शुरूआत में एक रोमांचक फाइनल में आखिरी गेंद पर हार के बाद अपने दूसरे सीजन में उपविजेता रहे।




## चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से डर रहा पाकिस्तान, आईसीसी से मांगी मुआवजे की गारंटी

नई दिल्ली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अभी काफी समय है। इससे पहले 2024 में टी20 विश्व कप होना है और सभी टीमों को इस टूनार्मेंट से पहले काफी क्रिकेट खेलना है। हाल ही में वनडे विश्व कप खत्म हुआ है और आने वाले साल में आईसीसी टूनार्मेंट की बात करें तो 2024 में टी20 विश्व कप के अलावा 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होना है। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर पाकिस्तान अभी से परेशान है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से उसके साथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मेजबानी अधिकार समझौते पर हस्ताक्षर करने का आग्रह किया है। पीसीबी ने इस बात पर जोर दिया कि अगर भारत राजनीतिक और सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां खेलने से इनकार करता है तो पीसीबी को मुआवजा दिया जाना चाहिए। चैंपियंस ट्रॉफ्री की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन आईसीसी ने अब तक पीसीबी के साथ महत्वपूर्ण मेजबानी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसी वजह से पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ और सीओओ सलमान नसीर ने फरवरी-मार्च, 2025 में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर चर्चा करने के लिए अहमदाबाद में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड से मुलाकात की थी।






# भामाकलापम 2 को एक दृश्य तमाशा बनाने के लिए डिजाइन किया गया है: सीरत कपूर



प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक रहस्योद्घाटन में, बहुप्रतीक्षित फिल्म भामाकलापम 2 का पोस्टर दुनिया भर में जारी किया गया है, जो करिश्माई अभिनेत्री सीरत कपूर की बड़े पर्दे पर वापसी का संकेत है। अपने पूर्ववर्ती की भारी सफलता के बाद, निमार्ता रोमांच को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं, और अभिनेत्री सीरत कपूर अपने शानदार प्रदर्शन और पहले कभी न देखे गए लुक से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रतिभाशाली अभिमन्यु तदिमेती द्वारा निर्देशित और गतिशील जोड़ी बापीनेदु और सुधीर एडारा द्वारा निर्मित, भामाकलापम 2 ने पहले ही उद्योग में जबरदस्त चर्चा पैदा कर दी है। फिल्म में सीरत कपूर के अलावा प्रियामणि, शरण्या, रघु मुखर्जी, ब्रह्माजी और अन्य कलाकार शामिल हैं। भामाकलापम 2 अपनी बड़ी नाटकीय रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। सीरत कपूर ने अपने आगामी उद्यम के बारे में उत्साह व्यक्त किया; उन्होंने कहा, भामाकलापम 2 एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो मेरे दिल के बहुत करीब है, और मैं इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। पहली किस्त एक बड़ी सफलता थी, और अब, अगली कड़ी के साथ, हमारा लक्ष्य दर्शकों को आकर्षित करना है। और भी अधिक रोमांचक यात्रा पर। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने चरित्र की विशिष्ट प्रकृति का संकेत देते हुए कहा, भामाकलापम 2 में मेरी भूमिका मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से अलग है। यह मजाकिया, बोल्ड और वास्तविक जीवन में मैं जो हूं उससे बिल्कुल अलग है। जैसा कि एक अभिनेता के रूप में, इन चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को निभाने में आनंद आता है, और मैं दर्शकों द्वारा मेरे प्रदर्शन के इस अनूठे पहलू को देखने के लिए उत्साहित हूं। सीरत कपूर, जो अपनी चुंबकीय स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाती हैं, ने नाटकीय अनुभव के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, एक निश्चित जादू है जो बड़े पर्दे पर फिल्म देखने के साथ आता है। भामाकलापम 2 को एक दृश्य तमाशा बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, और मैं ऐसा कर सकता हूं। मैं सिनेमाघरों में दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार करूंगा। जैसे ही रिलीज की उल्टी गिनती शुरू होगी, प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि भामाकलापम 2 कहानी कहने और मनोरंजन की सीमाओं को फिर से परिभाषित करेगी। भामाकल्पम 2 के साथ भावनाओं, रहस्य और अद्वितीय सिनेमाई प्रतिभा के रोलरकोस्टर के लिए तैयार हो जाइए। काम के मोर्चे पर, सीरत ने तुषार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत तुषार कपूर के साथ मारीरिच के साथ बॉलीवुड में अपनी बड़ी शुरूआत की और भामाकलापम 2 के अलावा, सीरत कपूर दिल राजू की आकाशम दाती वस्थवा फिल्म में भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। सीरत ने हाल ही में लंदन में अपनी आगामी रोमांटिक-कॉम फिल्म के लिए अपने पहले सह-कलाकार शारवानंद के साथ अपना पहला शेड्यूल पूरा किया। सीरत ने जैकी भगनानी के जेजस्ट म्यूजिक लेबल के लिए एक म्यूजिक वीडियो में मधुर ईशान खान के साथ एक गायक के रूप में शुरूआत की।



# सनी लियोनी और वेबर की स्टारस्ट्रक कॉस्मेटिक्स शोषण को खत्म करने के लिए हॉटवायर मिनिस्ट्रीज के साथ एकजुट हुए

अभिनेत्री सनी लियोनी और पति डैनियल वेबर के साथ अपने इंडस्ट्री 'स्टारस्ट्रक बाय सनी लियोनी' के माध्यम से, यौन तस्करी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, हॉटवायर मिनिस्ट्रीज और जजेस रेस्क्यू के सहयोग से, जो इस कार्य का नेतृत्व करते हैं। सन्नी ने शोषण में फंसे व्यक्तियों को बचाने के उद्देश्य से संस्था के साथ सहयोग किया है। सनी लियोनी और उनके पति डैनियल वेबर द्वारा स्थापित स्टारस्ट्रक कॉस्मेटिक्स, एक महत्वपूर्ण योगदान है और इस उद्देश्य में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले समूह के प्रमुख के रूप में खड़ा है। वादों से परे, यह गतिशील जोड़ी सक्रिय रूप से बचाव अभियानों में भागीदारी करती है, तस्करी से निपटने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण प्रदान करती है। सनी लियोनी और डेनियल वेबर एक साथ काम करते हैं और यौन तस्करी से लड़ने के लिए समर्पित हैं। स्टारस्ट्रक का समर्पण वित्तीय सहायता से परे है। वे बचाव दल को सौंदर्य प्रसाधन भी दान कर रहे हैं। सनी लियोनी द्वारा स्वयं समर्थित ये उत्पाद दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करती हैं। वे आउटरीच के दौरान पीड़ितों को सशक्त बनाते हैं और उन लोगों के लिए एक विवेकशील जीवन रेखा प्रदान करती हैं जो मदद लेने के लिए तैयार नहीं हैं। व्यक्ति अपनी सुविधानुसार प्रत्येक उत्पाद पैकेज पर हॉटलाइन पर कॉल कर सकते हैं। स्टारस्ट्रक के साथ सहयोग आशा की किरण है, जो परिवर्तन के बीज बोता है और सख्त जरूरत वाले लोगों को ठोस सहायता प्रदान करता है। इस उद्देश्य के प्रति सनी लियोनी की प्रतिबद्धता दशार्ती है कि कैसे करुणा और उदारता पीड़ित लोगों के जीवन को बदल सकती है। हॉटवायर मिनिस्ट्रीज, जजेज रेस्क्यू और स्टारस्ट्रक कॉस्मेटिक्स का लक्ष्य मानव तस्करी के पीड़ितों को बचाव करना और आशा देना है।



# डीपफेक पर कैसा था रश्मिका का रिएक्शन

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। रश्मिका मंदाना अपनी दमदार एक्टिंग के लिए भी जानी जाती हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'एनिमल' की रिलीज की तैयारियों में जुटी हैं और फिल्म की पूरी टीम के साथ इसे जमकर प्रमोट कर रही हैं। फिल्म को लेकर सुर्खियां बटोर रही रश्मिका मंदाना का पिछले दिनों डीपफेक वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इस वीडियो पर काफी विवाद खड़ा हुआ था, लेकिन इसके बाद भी कई एक्ट्रेस के डीपफेक वीडियो वायरल हो चुका है। हाल ही में आलिया का वीडियो वायरल हुआ। ऐसे में 'एनिमल' के इवेंट में रश्मिका ने वायरल होती इन डीपफेक वीडियो पर बात की। रश्मिका मंदाना और कटरीना कैफ के डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद अब आलिया भट्ट भी इसी का शिकार हुई हैं। इसके कुछ ही घंटों बाद रश्मिका मंदाना ने अपने वायरल डीपफेक वीडियो के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म 'एनिमल' के प्रचार के लिए हैदराबाद में आयोजित किए गए एक इवेंट में रश्मिका मंदाना ने वायरल होते डीपफेक वीडियो पर अपना रिएक्शन साझा किया।

जब इवेंट में रश्मिका से घटना और अमिताभ बच्चन के समर्थन के बारे में पूछा गया तो अभिनेत्री ने कबूल किया कि उन्हें चिंता थी कि किसी को परवाह नहीं होगी। हालांकि, अमिताभ बच्चन द्वारा उनका समर्थन करने के बाद, उन्हें अपने लिए खड़े होने और इसके खिलाफ विद्रोह करने की हिम्मत मिली। रणबीर कपूर के साथ हैदराबाद में 'एनिमल' का प्रचार करने पहुंचीं रश्मिका मंदाना से उनके वायरल हुए डीपफेक वीडियो पर कई सवाल किए गए। इन सवालों का जवाब देते हुए रश्मिका ने कहा, 'सबसे पहले जब मैंने डीपफेक वीडियो देखा तो यह सब होता देख मैं बहुत डर गई थी। मुझे लगा कि मुझे टीम से कोई समर्थन नहीं मिलेगा। मेरा समर्थन करने वाले पहले व्यक्ति अमिताभ बच्चन थे। आखिर में बहुत से लोग समर्थन के लिए आगे आए। शुरूआत में इसका मेरे ऊपर असर पड़ा। ऐसे वीडियो को सामान्य नहीं माना जाता और प्रतिक्रिया देने का फैसला किया जाता है।'

रश्मिका आगे बोलीं, 'मैं दुनिया में मौजूद सभी लड़कियों को बताना चाहती हूं कि यह सामान्य नहीं है। जब कोई चीज आपको प्रभावित कर रही हो तो आपको चुप रहने की जरूरत नहीं है। आप समर्थन ले सकते हैं, आप प्रतिक्रिया दे सकते हैं और लोग आपका समर्थन करेंगे। यह एक अच्छा देश है जिसमें हम रहते हैं।' रश्मिका द्वारा दी गई इस प्रतिक्रिया का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। रश्मिका का यह कमेंट आलिया भट्ट का एक डीपफेक वीडियो इंटरनेट पर वायरल होने के कुछ ही घंटों बाद आया है। बता दें, आज आलिया भट्ट का डीपफेक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। आलिया भट्ट का चेहरा एक दूसरी महिला के ऊपर लगाया गया है और उसे बिस्तर पर बैठे देखा जा सकता है। वीडियो में एक लड़की नीले रंग का फ्लोरल, स्ट्रैपी को-ऑर्ड सेट पहने हुए है, जिसमें आलिया का चेहरा दिख रहा है। इस वायरल वीडियो पर आलिया भट्ट ने अभी तक इस पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस महीने की शुरूआत में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दावा किया गया था कि फ्रेम में रश्मिका मंदाना हैं। हालांकि, बाद में यह पता चला कि यह झूठ है। वीडियो वायरल होने के बाद अमिताभ बच्चन ने कानूनी कार्रवाई की मांग की और रश्मिका को अपना समर्थन दिया था।



# गुरु नानक देव जी द्वारा दिए गए 'नाम जपो, कीरत करो और वंड छको' का सिद्धांत आज भी सार्थक

## गुरुपर्व पर श्री नानकसर गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक हुए भाजपा अध्यक्ष व सीआरपीएफ कमांडेंट

■ सेक्टर 28 स्थित श्री नानकसर गुरुद्वारा साहिब में भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भव्य प्रकाश किया गया



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर सोमवार को सेक्टर 28 स्थित श्री नानकसर गुरुद्वारा साहिब में भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भव्य प्रकाश किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, 13 वीं बटालियन सीआरपीएफ की कमांडेंट कमल सिसोदिया व सेक्टर 37 के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रभारी डॉ. राजीव कपिला भी गुरुपर्व पर गुरु ग्रंथ साहिब के प्रति नतमस्तक होने पधारे व अरदास की।तत्पश्चात यहां गद्दीनशीं बाबा गुरदेव सिंह जी से भी आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद देवेंद्र बबला, जिलाध्यक्ष मन्नू भसीन, भाजपा किसान मोर्चा के महासचिव धर्मेंद्र सैनी, सीआरपीएफ 13वीं बटालियन के एलओ अश्विनी, धमार्चार्य गिरवर शर्मा, समाजसेवी प्रकाश सैनी, बाबू बरूआ व ऋषभ सिंह के साथ-साथ सेक्टर 28 मार्केट के प्रधान विनोद चावला भी उपस्थित थे।

जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि गुरु नानक देव जी द्वारा दिए गए 'नाम जपो, कीरत करो और वंड छको' का सिद्धांत आज भी सार्थक है जिसे अपनाने से समाज में शांति, एकता, सद्भाव और प्रगति को बढ़ावा मिलना निश्चित है। उन्होंने बताया कि गुरु जी ने जहां शांति-सद्भाव का संदेश दिया, वहीं उस समय के शासक बाबर को जालिम कहकर जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करने और उसके खिलाफ डट कर लड़ने का भी संदेश मानवता को दिया। कमांडेंट कमल सिसोदिया ने कहा कि गुरु नानक देव ने अपने खास शिष्य भाई मरदाना के साथ पूरे विश्व को अनेक अनूठे विचारों व सिद्धांतों से अवगत कराने के साथ साथ लंगर प्रथा भी शुरू की। बाबा नानक द्वारा 20 रूपए से शुरू की गई लंगर प्रथा से आज भी दुनिया भर में करोड़ों लोगों का पेट भर रहा है।

### गुरु जी के दिए शिक्षा मंत्र को जीवन में अपनाने का किया आह्वान

चंडीगढ़ ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न गुरुघरों में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने सभी शहरवासियों को गुरु नानक प्रकाश गुरुपर्व की बधाई दी। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव जी द्वारा दिए गए 'नाम जपो, कीरत करो और वंड छको' का सिद्धांत आज भी सार्थक है जिसे अपनाने से समाज में शांति, एकता, सद्भाव और प्रगति को बढ़ावा मिलना निश्चित है। उन्होंने बताया कि गुरु जी ने जहां शांति-सद्भाव का संदेश दिया, वहीं उस समय के शासक बाबर को जालिम कहकर जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करने और उसके खिलाफ डट कर लड़ने का भी संदेश मानवता को दिया। उन्होंने कहा कि बाबा नानक द्वारा 20 रूपए से शुरू किया गया लंगर आज भी दुनिया भर में करोड़ों लोगों का पेट भर रहा है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता कैलाश चंद जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने सैक्टर 28 के गुरुद्वारा नानकसर के इलावा सैक्टर 21, सैक्टर 19 और सैक्टर 20 के गुरुद्वारों में नकमास्तक होकर अपनी हाजरी लगवाई। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा प्रदेश, ज़िला व मंडल के कार्यकर्ता साथ उपस्थित रहे।

## पंजाब के राज्यपाल और प्रशासक यूटी ने से-8, चंडीगढ़ स्थित गुरुद्वारा साहिब में टेका माथा



चंडीगढ़। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पवित्र अवसर पर आज पंजाब के राज्यपाल श्री बनवारी लाल पुरोहित ने चंडीगढ़ के सेक्टर 8सी में स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। इस अवसर पर राज्य के लोगों के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता की भावना दर्शाते हुए, राज्यपाल ने पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों की 'चड़दीकला' के लिए प्रार्थना की। उन्होंने न केवल अपनी श्रद्धा व्यक्त की, बल्कि गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित संगतों के साथ पवित्र 'लंगर' भी छका। गर्मजोशी भरे स्वागत और अनूठे आध्यात्मिक अनुभव के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए, राज्यपाल श्री बनवारी लाल पुरोहित ने सभी समुदायों के बीच सद्भाव, करुणा और एकता को बढ़ावा देने में गुरु पर्व के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने श्री गुरु नानक देव जी द्वारा संपूर्ण मानवजाति के लिए प्रचारित समानता, निस्वार्थ सेवा और करुणा से जुड़े मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता को दोहराया।

## एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते ईएसआई दबोचा

■ न्यायालय में शिकायतकर्ता के भाई के पक्ष में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की एवज में की थी रिश्वत की मांग

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत आज हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा पंचकूला जिला के सेक्टर-20 पुलिस थाना क्षेत्र में कार्यरत ईएसआई देशराज को रु 30000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की। आरोपी ईएसआई देशराज द्वारा पंचकूला के सेक्टर -20 थाने में दर्ज एफआईआर को लेकर न्यायालय में शिकायतकर्ता के भाई के पक्ष में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए रु 50000 की रिश्वत की मांग की गई थी जिसमें से रु 20000 के रिश्वत शिकायतकर्ता द्वारा 23 नवंबर को ही दी जा चुकी थी।

इसके बाद ईएसआई देशराज द्वारा रु30000 की रिश्वत की और मांग की गई जिसे लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया । यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष रूप से की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ पंचकूला के एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की जांच की जा रही है।

## लकड़ी बेचने का झांसा देकर 20.06 लाख रुपये ठगे

पंचकूला। लकड़ी कारोबारी के साथ पिंजौर निवासी व्यवसायी द्वारा 20.06 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पिंजौर थाना पुलिस ने नारायणगढ़ निवासी लखविंदर सिंह की शिकायत पर किशोर प्रसाद, हरि और दीपक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, लखविंदर ने दी शिकायत में बताया कि वे पुरानी लकड़ी की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। शिकायतकर्ता ने किशोर प्रसाद के मंडावाला स्टोर से पुरानी लकड़ी खरीदने के लिए उन्हें 41.26 लाख रुपये अगस्त 2023 में अदा किए। रुपये मिलने के बाद आरोपी ने 21.20 लाख रुपये की पुरानी लकड़ी शिकायतकर्ता को भिजवा दी। बाद में उसने 20.06 लाख रुपये की लकड़ी आरोपी ने नहीं भिजवाया। उसके बाद अगस्त माह में पिंजौर के मढ़ावाला स्थित अपना स्टोर बंद कर आरोपी बिहार चला गया। आरोपी मूल रूप से बिहार के सारण जिले का निवासी है। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई।

## 34वें वार्षिक चंडीगढ़ ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी सम्मेलन का हुआ आयोजन



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। चंडीगढ़ ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसायटी का 34वां वार्षिक सम्मेलन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर झ 32 में आयोजित किया गया। इस आयोजन में पूरे उत्तर भारत से लगभग 150 प्रतिनिधि शामिल हुए, जिससे यह नेत्र विज्ञान में अग्रणी दिमागों की एक उल्लेखनीय सभा बन गई। चंडीगढ़ ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी (सीओएस) के अध्यक्ष डॉ. अमित गुप्ता के नेतृत्व में और सीओएस की सचिव डॉ. पारुल इच्छपुजानी द्वारा आयोजित सम्मेलन एक शानदार सफलता साबित हुई, जिसमें कई गतिविधियों और चचाओं ने सीमाओं को आगे बढ़ाया। सम्मेलन की मुख्य विशेषताओं में दो विशिष्ट भाषण शामिल थे। प्रोफेसर आईएस जैन मेमोरियल ओरेशन सम्मानित पद्मश्री प्रोफेसर जगत राम को प्रदान किया गया और डॉ. एडी ग्रोवर मेमोरियल ओरेशन एम्स, नई दिल्ली के डॉ. आरपी सेंटर ऑफ ऑप्थैल्मिक साइंसेज के प्रमुख, पद्मश्री प्रोफेसर जीवन एस टिटियाल को प्रदान किया गया। दोनों वक्ताओं को मोतियाबिंद और अपवर्तक सर्जरी में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है, साथ ही दूरदर्शी शिक्षक के रूप में उनके कौशल ने इस आयोजन में एक प्रतिष्ठित आयाम जोड़ा है। व्यापक सत्रों में नेत्र विज्ञान में हालिया प्रगति पर एक संगोष्ठी शामिल थी, जिसमें क्षेत्र में अत्याधुनिक विकास पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया। युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों के लिए एक समर्पित सत्र ने उभरते पेशेवरों के बीच विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की। निःशुल्क पेपर सत्र, चुनौतीपूर्ण मामलों का सत्र और ई-पोस्टर सत्र ने युवा और अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञों दोनों को अंतर्दृष्टि और प्रगति साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। एडवांस्ड आई सेंटर की डॉ. अर्पिता कुलश्रेष्ठ और डॉ. आभा गुप्ता ने क्रमशः सर्वश्रेष्ठ फ्री पेपर पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ चुनौतीपूर्ण केस पुरस्कार जीते। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सेक्टर-32 की डॉ. सोनाली कौंडल ने सर्वश्रेष्ठ ई-पोस्टर का पुरस्कार जीता।

## संक्षिप्त-समाचार

### कालका में लॉन्ग रूट्स की बसें बायपास से निकलने से यात्री परेशान : प्रदीप चौधरी



कालका। कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा की कालका बस स्टैंड पर हिमाचल से आने वाली लॉन्ग रूट्स की बसें बायपास से निकल जाती है, जिसकी वजह से यात्री बस स्टैंड पर परेशान होते है। यदि लॉन्ग रूट्स की बसें बस स्टैंड पर नहीं आ सकती तो कम से कम बायपास पर यात्रियों के लिए एक स्थाई बस स्टॉपेज और ऑटो स्टॉपेज बनाया जाए, ताकि यात्री लॉन्ग रूट्स व अन्य स्थानों के लिए वहां से बस पकड़ पाएं। इसके अलावा सभी राज्यों की बसों को वहां बस रोकने की हिदायत जारी की जाए यात्री बहुत परेशान है। बायपास पर भी स्टोपीज नही होने पर वहां पर बसें नहीं रुकती है और यात्री वहीं खड़े रहते है और बसों की इंतजार में घंटों समय बर्बाद कर रहे है। आज के समय में कालका के लोगों को लोकल रूट्स तक ही सीमित रखा जा रहा है। जबकि लोकल रूट्स की बस सर्विस भी कम है और यहां भी रोज के यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। इसलिए सरकार पूरी विधानसभा में बसों की कमी को दूर करें, क्योंकि पंचकूला से नारायणगढ़ और रायपुररानी से अंबाला के लिए सरकारी बसों की कमी से लोग जूझ रहे है। चौधरी ने कहा की लॉन्ग रूट्स के अलावा गांवों को शहरों से जोड़ने वाली बसें भी नामात्र है।

### डंपिंग ग्राउंड हटवाने के लिए फिर से धरने पर बैठेंगे घग्गर पार सेक्टरवासी

पंचकूला। झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड से बढ़ रही दुर्गंध को लेकर सेक्टर-25 सामुदायिक केंद्र में संग्राम झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड समिति और सेक्टर-25 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बैठक आयोजित की गई। सेक्टर निवासियों द्वारा सेक्टर-23, 24 ,25, 26, 27, 28 पंचकूला में डंपिंग ग्राउंड को लेकर पिछले कई सालों से चल रही समस्याएं बढ़ रही दुर्गंध व बीमारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि अगर नगर निगम एवं सरकार झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड में कूड़ा गिराना बंद नही करती तो उनके खिलाफ फिर से धरने पर बैठा जाएगा। पिछले साल नवंबर 2022 में भी सेक्टर निवासी तीन दिन तक धरने पर बैठे थे परंतु सेक्टर निवासियों को अमानवीय तरीके से धरने पर उठाने के बाद लोगों के साथ डंपिंग ग्राउंड को खाली करके शिफ्ट करने के झूठे व खोखले वादे किए गए थे जिसको पूरा करने के लिए आज तक सरकार व नगर निगम असमर्थ रही है। एनजीटी के आदेश आने के बाद भी सरकार आज तक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट एवं डंपिंग ग्राउंड के लिए वैकल्पिक स्थान तय करने के लिए नाकाम रही है। नगर निगम, पंचकूला ने जो भी टेंडर डंपिंग ग्राउंड खाली करने के लिए दिया उसकी शर्तों का सही तरीकों से पालन नही हो रहा। आज तक कूड़ा झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड में गिराया जा रहा है। डंपिंग ग्राउंड में दुर्गंध को रोकने के लिए ना तो जीवाणुरोधी स्प्रे न ही अन्य किसी तरह की दवाई का इस्तेमाल किया जा रहा है जिस वजह से लोगों का अपने घर से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। इस बारे में स्थानीय निवासी कई बार नगर निगम के उच्च अधिकारियों से मिले है परंतु आज तक कोई हल ना निकला है।

### चंडीगढ़ क्राफ्ट मेला में गेट पर दिखेगी नागालैंड की संस्कृति की झलक

चंडीगढ़। कलाग्राम में होने वाले 13वें चंडीगढ़ क्राफ्ट मेले का आगाज इस बार नागालैंड की संस्कृति की झलक से होगा। एक दिसंबर को नागालैंड दिवस है और इसी दिन से चंडीगढ़ में क्राफ्ट मेला भी शुरू हो रहा है। इस दिन को खास बनाने के लिए क्राफ्ट मेले में नागालैंड की संस्कृति को दशार्ता एक भव्य द्वार तैयार किया जा रहा है। इस आकर्षक गेट पर नागालैंड की शिल्पकारी को उकेरा जा रहा है। इस गेट को बनाने और मेला क्षेत्र को लोक संस्कृति दशार्ने वाले प्रतीकों को कलात्मक ढंग से सजाने के लिए कोलकाता से विशेष 20 कारीगरों को बुलाया गया है। इस बार मेले की थीम ' एक भारत श्रेष्ठ भारत' है और 1 दिसंबर को नागालैंड दिवस होने के कारण द्वार को आकर्षक बनाने के लिए द्वार पर नागालैंड के लोक नृत्यों को दशार्ती आकृतियां मन मोह लेंगी। नागालैंड की संस्कृति में विभिन्न मेलों और त्योहारों, नृत्य, संगीत, कला और शिल्प और स्वादिष्ट व्यंजनों से भरपूर एक समृद्ध विरासत है। इसीलिए इस बार क्राफ्ट मेले में मेहमानों का स्वागत करने वाले गेट पर नागालैंड की शिल्पकारी और संस्कृति को दशार्या जा रहा है। ये देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की एक झलक मात्र है । मेले की पूरी साज सज्जा का निर्देशन कर रहे एंबियंस विशेषज्ञ अनूप गिरी ने बताया कि वे कई वर्षो से जोनल कल्चर फेस्टिवल में इस तरह की कलाकृतियां बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि वे मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले हैं और उनके साथ उनके कई और कारीगर यहां आएं है, जो स्टेज और गेट बनाने का काम कर रहे हैं। शहर में चल रहे फेस्टिवल सीजन की रौनक में चंडीगढ़ नेशनल क्राफ्ट मेला चार चांद लगाएगा।

### चंडीगढ़ में गुरुद्वारों में उमड़ा संगत का सैलाब, हजारों ने छका लंगर

चंडीगढ़। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर सोमवार को चंडीगढ़ के सभी गुरुद्वारों में संगत का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में संगत अपने परिवार के साथ गुरुद्वारे में माथा टेकने पहुंची, सेवा की और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। कीर्तन सुनकर संगत निहाल हो गई। सुबह से ही संगत गुरुद्वारों में पहुंचना शुरू हो गए थे। सेक्टर-34, 8, 7, 11, 30, 20, 29, 21, 15, 19, 47, 46, 44, 22, 23, 37, रामदरबार, हल्लोमाजरा, दड़वा, बहलाना, रायपुर खुर्द, रायपुर कलां, मक्खन माजरा, खुडडा लहौरा, खुडडा अलीशेर, जस्सू, सारंगपुर मलोया सहित अन्य भागों में स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर रागी जत्थे कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 19 के प्रधान सरदार गुरबख्श सिंह ने बताया कि सेक्टर 19 के गुरुद्वारा साहिब में बाहर से आए हुए रागी जत्थे एवं कथा वाचक कथा-कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया गया। दोपहर में संगत के लिए लंगर हुआ। चंडीगढ़ समूह गुरुद्वारा प्रबंधक संगठन के महासचिव ने बताया कि लाखों लोगों ने गुरुद्वारों में माथा टेका और गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा सिंह सभा सेक्टर-7 के प्रधान रछपाल सिंह ने बताया कि रागी जत्थे कीर्तन कर संगत को निहाल कर रहे हैं। गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर का इंतजाम किया था। सेक्टर-38 बी के गुरुद्वारा साहिब के प्रधान तारा सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा सहिब में कीर्तन का आयोजन हुआ। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर चला।

## साइलेंट एरा के रत्न फ्रांसीसी युगल पेशो-नुसाक के लाइव म्यूजिक से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। फ्रांसीसी संगीतकार रॉबर्ट पेशो (पियानोवादक) और स्टेन डी नुसाक (सैक्सोफोनिस्ट) ने आज यहां सेक्टर 26 के स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल में आयोजित 90 मिनट के सिने-कॉन्सर्ट, 'मूविंग पिक्चर्स' में दर्शकों को अपनी संगीत की मधुर धुन से मंत्रमुग्ध कर दिया। सिने-कॉन्सर्ट एक ऐसा शो है जो सिनेमा के प्रति प्यार को लाइव म्यूजिक के साथ जोड़ता है। बड़ी स्क्रीन पर दिखाई जाने वाली फिल्मों के साथ संगीतकार मंच पर मूल रचनाएँ लाइव बजाते हैं। यह मूक फिल्म(म्यूट मूवी) प्रदर्शनों को पुनर्जीवित करने और दर्शकों को एक अलग लेंस के माध्यम से सिनेमाई क्लासिक्स की खोज करने के लिए आमंत्रित करने का एक साधन है। फ्रांस में सिने-म्यूजिक प्रोग्राम बच्चों के लिए मनोरंजन का एक सबसे लोकप्रिय रूप है। पेशो और नुसाक को पेरिस के ऑडिटोरियम डु लौवरे में चार्ली चैपलिन, कार्ल ड्रेयर, केंजी मिजोगुची और बस्टर कीटन जैसे महान लोगों की मूक फिल्मों पर आधारित सिने-म्यूजिक प्रोग्राम्स के लिए जाने जाते हैं। संगीतकार रॉबर्ट पेशो (पियानोवादक) और स्टैन डी नुसाक (मल्टी-इंस्ट्रुमेंटलिस्ट) फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया (आईएफआई), एलायंस फ्रांसेस इन इंडिया के नेटवर्क (एएफ इंडिया), सिनेमैथेक फ्रांसेस (सीएफ) और नेशनल फिल्म आरकाईव ऑफ इंडिया (एनएफएआई) के सहयोग से भारत में म्यूजिक प्रोग्राम्स की एक श्रृंखला प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रदर्शित मूक फिल्मों में दादा साहब फाल्के, बाबूराव पेंटर, जॉर्जेस मेलियस, एलिस गाइ और क्रांति कनाडे की विविध चयन वाली फिल्में शामिल थीं।

## एमडीसी पुलिस थाने में खुले मैस का पुलिस महानिदेशक ने लिया जायजा

पंचकूला। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पंचकूला मनसा देवी थाने में कर्मचारियों के भोजन के लिए शुरू किए बफे सिस्टम का निरीक्षण किया। उन्होंने खाने की गुणवत्ता एवं ताजगी परखने के लिए कर्मचारियों के साथ स्वयं भोजन किया। पुलिस महानिदेशक ने कर्मचारियों को उत्कृष्ट, ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन, थानों और पुलिस चौकियों में वहां के भवनों की मरम्मत, साफ-सफाई, रंग-रोगन, लाइट सहित अन्य सुविधाओं पर अच्छा काम किया जा रहा है। इस दिशा में राज्यभर के सभी जिलों में पुलिस थाना में पुलिसकर्मियों के लिए मैस की शुरूआत की जा रही है। पुलिस महानिदेशक ने मनसा देवी थाने में कमरों, शौचालयों, मालखाना इत्यादि की साफ-सफाई, कार्य प्रणाली की पड़ताल की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## साहित्य सभा ने 25 साहित्यकारों को किया सम्मानित

■ चंडीगढ़ के साहित्यकार प्रेम विज और डॉ. विनोद शर्मा भी शामिल



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। कैथल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य सभा ने आरकेएसडी कॉलेज में आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में देश के विभिन्न भागों में रहने वाले 25 साहित्यकारों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, व नकद राशि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.कंवल नयन कपूर, अध्यक्ष के रूप में हरियाणा उर्दू प्रकोष्ठ के निदेशक डॉक्टर चंद्र त्रिखा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व निदेशिका डॉक्टर मुक्ता और कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय गोयल उपस्थित रहे। चंडीगढ़ के साहित्यकार प्रेम विज और डॉ. विनोद शर्मा को डॉ. मुक्ता मयंक गद्य साधना सम्मान से नवाजा गया। इनके अतिरिक्त पंचकूला से डॉ.विजेंदर, यमुनानगर से डॉ.कंवल नयन कपूर, दिल्ली से पवन शर्मा, कुरुक्षेत्र से केशव मेहता, कैथल से ललित शर्मा व सुरेश जांगिड़ उदय, पंचकूला से किशोर शर्मा सारस्वत, फरीदाबाद से चरणजीत चरण व असीम राणा, भिवानी से अनिल शर्मा वत्स, चण्डीगढ़ से राजवंती मान, करनाल से डॉ० वनीता चोपड़ा और रोजलीन , गुहला-चीका से डॉ० करणदीप सिंह, पटियाला से मधु मधुमन व सरोज झंडई, जींद से सुशीला जांगड़ा, सिरसा से छिंदर कौर, नरवाना से डॉ० जगदीप शर्मा राही, जीरकपुर से सुबे सिंह मौर्य, कैथल से नरेश पंवार, सिरसा से हरीश सेठी झिलमिल तथा कैथल से बलवान कुण्डू

## हल्लोमाजरा की खाली जमीन की फेंसिंग पर नगर निगम खर्च करेगा 83 लाख रुपये

■ नगर निगम सदन की बैठक आज, कई मुद्दों पर हो सकता है बैठक में हंगामा

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। नगर निगम सदन की मंगलवार को होने वाली बैठक हंगामेदार हो सकती है। बैठक में कांग्रेस और आप ने विभिन्न मुद्दों पर हंगामा करने की तैयारी कर ली है। बैठक में हल्लोमाजरा गांव में नगर निगम की खाली जमीन की फेंसिंग पर 83 लाख रुपये खर्च करने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। साथ ही नगर निगम के पार्षदों का निर्वाचन भत्ता 15 हजार से 30 हजार करने और 5 हजार हर पार्षद का न्यू फ्यूल अलाउंस करने के प्रस्ताव पर भी विचार होगा। पंजाब म्युनिसिपल एक्ट 1976 एक्सटेंडेड एंड इम्प्लीमेंट टू चंडीगढ़ एक्ट 1994 के तहत नोटिफिकेशन होने पर ही बढ़े हुए भत्ते मिल सकेंगे। यानि हर पार्षद को 15 हजार के बजाए 35 हजार मिलने लगेंगे। बैठक में सेक्टर-47 स्थित कम्युनिटी सेंटर को तैयार करने को लेकर नए प्रस्ताव पर भी विचार होगा। गौरतलब है कि नगर निगम सदन की मंगलवार की बैठक में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर ,पार्षदों के निर्वाचन क्षेत्र भत्ते को 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार और मनोनीत पार्षदों के कम्पनसेटरी भत्ते को 15 हजार से 30 हजार करने का अक्टूबर माह की स्थगित मीटिंग का एजेंडा डिस्कस के लिए आ रहा है। पिछले महीने हुई बैठक में इस मुद्दे को मंजूरी नहीं मिली थी। निगम के पास पहले ही फंड की कमी रहती है। पिछले दो साल में 7 कम्युनिटी सेंटर प्रशासन के इंजीनियरिंग विंग द्वारा बनाकर एमसी को ट्रांसफर किए गए। वहीं पिछले दो साल से रिटायर्ड हो रहे एमसी के कर्मचारियों की पेंशन प्रशासन द्वारा दी जा रही है।

## एसडी कॉलेज के रीडर्स क्लब ने गुरु नानक देव जी की 554 वीं जयंती पर सुखना लेक पर बांटे 554 पौधे

■ प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता पर दिया बल



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्ता सनातन धर्म कॉलेज के रीडर्स क्लब द्वारा सोमवार को श्री गुरु नानक देव जी की 554 वीं जयंती के अवसर पर ग्रीन इनिशिएटिव के तहत लगातार दूसरे साल पौधे दान अभियान का आयोजन किया गया।इस अभियान के दौरान शहर के सुखना लेक पर सुबह 6.30 से 9.30 बजे तक बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित शहर के अन्य लोगों को 554 पौधे दान दिए गए। इस पौधे दान अभियान का उद्घाटन पंजाब यूनिवर्सिटी के डीन कॉलेज डेवलपमेंट कौंसिल प्रो.संजय कौशिक ने किया। उन्होंने प्रकृति की सुरक्षा के लिए श्री गुरु नानक देव जी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए रीडर्स क्लब की सराहना की। उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पर्यावरण को संरक्षित करने की आवश्यकता है और साथ ही प्रकृति को भी पुनर्जीवित करने की जरूरत है। रीडर्स क्लब द्वारा किए गए इस प्रयास के लिए अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कालेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने श्री गुरु नानक देव के 554वें प्रकाश पर्व को अनोखे और प्रभावशाली तरीके से मनाने की प्रतिबद्धता के लिए रीडर्स क्लब के सदस्यों की सराहना की। उन्होंने लेक पर मौजूद लोगों से प्रकृति की रक्षा और देखभाल करने की अपील भी की। इस अभियान में कोइलाश पौधा, स्नेक प्लांट, लेमन ग्रास, अजवाइन, हिबिस्कस, इंसुलिन प्लांट सहित अन्य पौधे जो अपने उपयोग और लाभों के लिए जाने जाते हैं, दान किए गए। इस पौधा दान अभियान के दो उद्देश्य थे। पहला उद्देश्य सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव की शिक्षाओं और विरासत को श्रद्धांजलि देना था। जबकि दूसरा उद्देश्य पौधा दान अभियान में समुदाय को शामिल करके पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करना था। कार्यक्रम के अंत में क्लब के संयोजक और कॉलेज के लाइब्रेरियन डॉ. गुरप्रीत सिंह ने छात्रों के उत्साहपूर्ण प्रयासों की सराहना की और उन्हें रीडर्स क्लब के पर्यावरण उन्मुख कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा को उनके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभार भी व्यक्त किया। पौधे वितरित करके, रीडर्स क्लब का उद्देश्य जनता के बीच पर्यावरण चेतना की भावना को प्रेरित करना था।